जोधपुर, सोमवार, 06 अक्टूबर, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675 :: वर्ष 22 :: अंक 15

# हुक्मनामा समाचार

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

www.hukmnamasamachar.com

# पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 7 जगह लैंडस्लाइड

## 20 मौतें

### पुल टूटा, घर गिरे, मलबे में दबे लोग, सिक्किम से संपर्क कटा





**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में तेज बारिश के बाद शनिवार रात दार्जिलिंग में 7 जगह लैंडस्लाइड हो गई। मिरिक-सुखियापोखरी रोड के किनारे ढलान पर पहाड़ी का हिस्सा ढह गया। हादसे में कई घर टूट गए। अब तक 20 लोगों की मौत हुई है। लैंडस्लाइड के बाद रोड पर मलबा आने से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। वाहनों की आवाजाही और आसपास के कई इलाकों में कम्युनिकेशन टूट गया है। उधर मिरिक में एक लोहे का पुल भी टूट गया है। भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी उफान पर है। तीस्ता बाजार के पास बलुखोला में पानी भर जाने से सिलिगुड़ी को सिक्किम और कालिम्पोंग से जोड़ने वाला हाईवे पूरी तरह बंद हो गया है। दार्जिलिंग शहर का भी कई हिस्सों से संपर्क टूट गया है।

**घटनास्थल का दौरा करेंगी ममता** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के लिए मुआवजे का एलान किया लेकिन राशि और संख्या नहीं बताई। उन्होंने कहा कि 6 अक्टूबर को उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी और स्थिति का जायजा लेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मौतों पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और लैंडस्लाइड पर अधिकारी कड़ी नजर रख रहे हैं। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड के कारण हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मैं पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं। अरब सागर में साइक्लोन शक्ति, महाराष्ट्र-गुजरात में अलर्ट अरब सागर में उठा पहला चक्रवात शक्ति गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि यह तूफान गुजरात के द्वारका से 420 किमी दूर समुद्र में एक्टिव है। इसकी वजह से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। अगले 24 घंटे में यह पश्चिम-दक्षिण पश्चिम की ओर बढ़ेगा और अरब सागर के उत्तर-पश्चिम और मध्य हिस्सों तक पहुंचेगा। सोमवार से पूर्वोत्तर की ओर जाने और कमजोर पड़ने की संभावना है।

तूफान के असर से गुजरात, उत्तर महाराष्ट्र में समुद्र उफान पर है। महाराष्ट्र में भी तूफान शक्ति का असर दिखने लगा है। मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए चक्रवात की चेतावनी जारी की गई है। 7 अक्टूबर तक उत्तरी कोंकण के तटीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी भारी बारिश हो सकती है।

**महाराष्ट्र में अधिकारियों को नागरिकों की सुरक्षा का निर्देश** आईएमडी ने महाराष्ट्र के कई जिलों में 7 अक्टूबर तक भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई गई है। गोवा के निचले इलाकों में बाढ़ आने की संभावना है। महाराष्ट्र सरकार ने साइक्लोन शक्ति को लेकर अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रशासन को डिजास्टर मैनेजमेंट सिस्टम? एक्टिव करने, तटीय और निचले इलाकों में नागरिकों को निकालने की प्लानिंग और उनके लिए एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। मछुआरों को 7 अक्टूबर तक गुजरात और महाराष्ट्र में तटों पर अरब सागर में नहीं जाने की चेतावनी है।



## श्रीगंगानगर में ओले गिरे, हनुमानगढ़ में तेज बारिश

**जयपुर।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से श्रीगंगानगर में रविवार दोपहर तूफानी बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं हनुमानगढ़ में तेज बारिश हुई। इस दौरान आंधी चलने से फसलों को नुकसान हुआ। झालावाड़ के ग्रामीण इलाकों में 1 घंटे तक हुई तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया। इसके कारण धान और सोयाबीन की फसलें गिर गई। झालावाड़ शहर में भी दोपहर 3 बजे हल्की और तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने सोमवार को जयपुर समेत 9 जिलों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 20 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल, उत्तर भारत पर एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस और बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के असर से राजस्थान के अलग-अलग जिलों में बारिश हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### त्योहारों की भीड़ में यात्रियों को राहत, डीजीसीए ने हवाई किरायों पर रखी कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और हवाई किरायों में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइनों के साथ समीक्षा बैठक की है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) ने डीजीसीए को हवाई किरायों पर नज़र रखने और यदि आवश्यकता पड़े तो किराया नियंत्रण हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। त्योहारों से पहले डीजीसीए ने एयरलाइनों को अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने और उड़ान क्षमता बढ़ाने का आग्रह किया है ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके और टिकटों की कीमतों में अनावश्यक वृद्धि न हो।

### बंटवारे के बाद सिंधी भाई पाकिस्तान नहीं गए -भागवत

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि बंटवारे के बाद सिंधी भाई पाकिस्तान नहीं गए। वे अविभाजित भारत आए, मुझे इस बात की खुशी है। जो हम घर का कमरा छोड़कर आए हैं, कल वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। संघ प्रमुख ने भाषा विवाद पर कहा- भाषा अनेक है, भाव एक ही होता है। मूल भाषा से ही निकली हैं अनेक भाषाएं। सारी भाषाएं भारत की राष्ट्र भाषा हैं। हर नागरिक को 3 भाषा कम से कम आनी चाहिए। घर, राज्य और राष्ट्र की भाषा आनी ही चाहिए

### आप ने पंजाब से राजिंदर गुप्ता को राज्यसभा कैंडिडेट बनाया

**चंडीगढ।** आम आदमी पार्टी ने ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजिंदर गुप्ता को पंजाब से राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इस संबंध में आप के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने इसका लेटर जारी कर दिया है। राजिंदर गुप्ता पंजाब के सबसे अमीर इंडस्ट्रियलिस्ट्स में से एक माने जाते हैं।

## पूर्व राज्यसभा सांसद अश्क अली टाक का निधन



**जयपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद अश्क अली टाक का आज इंतकाल हो गया। उन्हें सोमवार सुबह विद्याधर नगर स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। टाक लंबे समय से बीमार चल रहे थे। टाक के निधन के पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं ने शोक जताया। गहलोत ने एक्स पर टाक के साथ फोटो पोस्ट करते हुए लिखा- अश्क अली के निधन का समाचार बहुत दुखद है। उन्होंने अपनी लम्बी राजनीतिक यात्रा में कई मुकाम हासिल किए। टाक एनएसयूआई व यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन भी रहे थे। वो युवाओं में काफी लोकप्रिय थे। अशोक गहलोत ने लिखा- अपने कार्यकाल में अश्क अली टाक ने प्रदेशभर में बहुत दौरे किए। इससे संगठन को मजबूती मिली। इस तरह के दौरे बहुत कम लोग कर पाते हैं। पार्टी ने जब भी उन्हें जो जिम्मेदारी दी, उसका उन्होंने अच्छी तरह निर्वहन किया। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है।

## मैं अपना वजन नहीं बढ़ने देती-वसुंधरा राजे



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आईटीसी राजपूताना में डॉ. अंबरीश मिथल और सह-लेखक शिवम विज की लिखित पुस्तक द वेट लॉस रेवोल्यूशन का विमोचन किया। कार्यक्रम प्रभा खेतान फाउंडेशन की किताब पहल के तहत एहसास वूमन के सहयोग से आयोजित किया गया। वसुंधरा राजे ने कहा कि मोटापा दुनिया भर में महामारी का रूप लेता जा रहा है। इसलिए इसे रोकने का प्रयास सिर्फ राजनेताओं को ही नहीं सबको करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई लोग बाहर से पतले दिखते हैं, लेकिन उनमें अंदरूनी चर्बी है, जो सबसे ज्यादा खतरनाक है। राजे ने कहा कि मैं अपना वजन हरगिज नहीं बढ़ने देती। इसके लिए नियमित व्यायाम, कीटो, एटकिंस, डैश इंटरमिटेंट फास्टिंग, जूस क्लेंज जैसी विधियां अपनाती हूं। वसुंधरा राजे ने कहा कि विश्व भर में 1 अरब से ज्यादा लोग ओबेसिटी से ग्रस्त हैं। 1975 से यह संख्या तीन गुनी हो गई है।



ग्रामीण परिवहन सेवा 'आपणी बस-राजस्थान रोडवेज' का किया शुभारम्भ

### राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का शुभारम्भ कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री ने 128 ब्लू लाइन बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अमर जवान ज्योति पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की आधुनिक एवं सुविधायुक्त 128 ब्लू लाइन बसों का शुभारम्भ करते हुए उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही, उन्होंने 'आपणी बस-राजस्थान रोडवेज' ग्रामीण परिवहन सेवा का शुभारम्भऔर वोल्वो, स्केनिया तथा एसी बसों में केटरिंग सुविधा की भी शुरूआत की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशवासियों के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवा को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और सुविधायुक्तबनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की आधुनिक एवं सुविधायुक्त ब्लू लाइन बसें शुरू की गई है। ये बसें प्रदेश भर के 23 आगारों को आवंटित की गई हैं।

**आपणी बस-राजस्थान रोडवेज से 169 ग्राम पंचायतों को मिलेगी परिवहन सुविधा** 'आपणी बस-राजस्थान रोडवेज' ग्रामीण परिवहन सेवा के तहत रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर 357 मार्गों पर बसें शुरू की हैं ।डीलक्स सीटों से सुसज्जित इन बसों मेंराज्य सरकार द्वारा राजस्थान रोडवेज के निशुल्क और रियायती यात्रा हेतुदिए जा रहे सभी लाभ मिलेंगे। इन बसों से 25 ग्रामीण मार्गों पर स्थित 169 ग्राम पंचायतों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं हासिल करने में मदद मिलेगी।

**वातानुकूलित बसों में मिलेगा सीट पर ही खाना** राज्य सरकार नेनवाचार करते हुए रेल और हवाई यात्रा की तरह निगम की वोल्वो, स्केनिया तथा एसी बसों में केटरिंग सुविधा भी शुरू की है। इससे इन बसों मेंयात्रियों को यात्रा के दौरान उनकी सीट पर ही खाने-पीने की सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। यात्रियों को सुबह, दोपहर और शाम के मेनू के अनुसार खान-पान मिल सकेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नई बसों का अवलोकन किया और निगम द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

### प्रधानमंत्री की राजस्थान के युवाओं को बड़ी सौगात

## भरतपुर स्थित आईटीआई हब के रूप में होगा उन्नत

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर स्थित आईटीआई को हब के रूप में उन्नत बनाने की सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इस महत्वपूर्ण निर्णय से युवाओं को कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे। शर्मा ने कहा कि पीएम-सेतु योजना के प्रथम चरण में भरतपुर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को हब के रूप में विकसित करने के साथ ही आईटीआई धौलपुर, आईटीआई करौली, आईटीआई कामां और आईटीआई बयाना को स्पोक संस्थानों के रूप में उन्नत बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस नवीन पहल से युवाओं को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त होगा, साथ ही रोजगार के और अधिक अवसर भी सृजित होंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज नई दिल्ली का दौरा

### केन्द्रीय मंत्रियों से प्रदेश के विकास कार्यों के संबंध में करेंगे चर्चा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के विकास कार्यों के लिए सोमवार को नई दिल्ली दौरे के तहत केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। शर्मा प्रदेश की विद्युत क्षमता में वृद्धि और नवीन ऊर्जा स्रोतों के विकास के लिए केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली पॉवर सेक्टर की बैठक में शामिल होंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री राज्य में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के विकास और रखरखाव के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर चर्चा करेंगे। इसके पश्चात शर्मा जनवरी 2026 में आयोजित होने वाले राजस्थान डिजिफेस्ट और टीआईई ग्लोबल समिट का पूर्वावलोकन करेंगे। शर्मा राजस्थान के आर्थिक विकास को गति देने और विभिन्न परियोजनाओं के बजट के संबंध में केन्द्रीय वित्त मंत्री मती निर्मला सीतारमण से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा राज्य के विभिन्न वर्गों एवं क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए अन्य केन्द्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर बातचीत करेंगे।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

बच्चे मर रहे कफ सिरप से, परिजनों की यही सोच<br>
सरकार दवा को असली बताएं, पड रहा इसी में लोच<br>
जांच दवा की गड़बड़ लगती, चालीस बार नमूने फेल<br>
फिर कैसे यह पास हो गई, लगता हुआ इसमें बड़ा खेल

..मुखिया जी

### पोलिंग बूथों की 100% वेबकास्टिंग की जाएगी

## बिहार में एसआईआर सफल, अब इसे पूरे देश में कराएंगे-मुख्य चुनाव आयुक्त

**पटना।** बिहार में चुनाव की तैयारियों को लेकर चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, बिहार में एसआईआर पूरी तरह सफल रहा। मतदाता सूची में यह सबसे बड़ी पहल रही। 24 जून 2025 को एसआईआर शुरू हुआ और वक्त पर समाप्त हुआ। सफल एसआईआर के लिए वोटर्स को धन्यवाद। अब इसे पूरे देश में कराएंगे। सीईसी ने बताया, 90 हजार 217 बूथ लेवल ऑफिसर ने बेहतर काम किया। पूरे देश में बनने वाले बूथ लेवल ऑफिसर के लिए बिहार प्रेरणा बना। ज्ञानेश कुमार ने कहा, बीएलओ जब मतदाता के पास जाए तो मतदाता उन्हें अच्छे से पहचान पाए, इसके लिए उनके भी आईडी कार्ड शुरू किए गए हैं। अब पोलिंग बूथ के बाहर मोबाइल जमा कर वोट देने की सुविधा की गई है। इससे पहले मोबाइल घर या कहीं और छोड़कर आना होता था। सीईसी ने बताया कि अब बिहार के अलावा देश के किसी भी बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे। नए वोटर कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- जिनके वोटर कार्ड के डेटा में कोई परिवर्तन किया गया है, उन्हें 15 दिनों के अंदर ईपिक, यानी वोटर कार्ड मिल जाएगा। जिनके पास पुराने वोटर कार्ड हैं और डेटा में कोई बदलाव नहीं है, वह उसी को सही मानेंगे। मतदान करने के लिए बाकी जिन दस्तावेजों को पहले से मान्य रखा गया था, वह आगे भी कायम रहेंगे। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि अयोग्य वोटरों को हटाने और योग्य वोटरों को शामिल करने के लिए चलाए गए गहन विशेष पुनरीक्षण का परिणाम बहुत स्पष्ट और संतोषजनक रहा है।

## कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी पर एक्शन की तैयारी, यह दवा 3 राज्यों में बैन

**नई दिल्ली।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस कफ सिरप से मध्य प्रदेश में 32 दिन में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1 से 5 साल के बीच थी। हालांकि प्रशासन ने अब तक सिर्फ 11 मौतों की पुष्टि की है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। अब इसे देश के तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, केरल और तमिलनाडु) में बैन कर दिया गया है। देशभर में दवाइयों को कंट्रोल करने वाली संस्था सीडीएससीओ दवा कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को लिखेगा। तमिलनाडु के ड्रग डिपार्टमेंट के अधिकारियों की जांच में खुलासा हुआ है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप में 48.6% डाईथाइलीन ग्लॉयकाल की मिलावट है। यह एक जहरीला केमिकल है।

### खांसी की दवा गुणवत्ता प्रकरण पर केंद्र सरकार गंभीर

## राजस्थान मॉडल की सराहना, अन्य राज्यों को अपनाने के निर्देश

**जयपुर।** खांसी की सीरप की गुणवत्ता को लेकर देशभर में उठे मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने रविवार को राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की। बैठक में उन्होंने राजस्थान द्वारा तत्परता से उठाए गए कदमों की सराहना की और अन्य राज्यों को भी ऐसे उपाय अपनाने के निर्देश दिए। केंद्रीय सचिव ने कहा कि मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों के बीच दवाओं के सुरक्षित उपयोग को लेकर जनजागरूकता आवश्यक है। उन्होंने बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए खतरनाक दवाओं पर चेतावनी अंकित करने के राजस्थान सरकार के निर्णय की प्रशंसा की। बैठक में प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि संदिग्ध दवाओं के उपयोग व वितरण पर रोक लगा दी गई है तथा चिकित्सकों, फार्मासिस्टों और आमजन की व्यापक काउंसलिंग की जा रही है। सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता डोर-टू-डोर सर्वे कर आमजन को जागरूक कर रहे हैं कि वे बिना चिकित्सकीय परामर्श दवा का सेवन न करें। राजस्थान सरकार ने इस प्रकरण की जांच के लिए तकनीकी समिति गठित की है, जो बच्चों में सामने आए लक्षणों और दवा के प्रभावों का विस्तृत अध्ययन कर रही है।

CMYK

### पोकरण में उमड़ा जनसैलाब, फूलों की बारिश के बीच

# केंद्रीय मंत्री शेखावत का जन्मोत्सव बना जनउत्सव

## गाजे-बाजे एवं गुलाब की पंखुड़ियों से किया गया स्वागत





**हुक्मनामा समाचार**

**जैसलमेर।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का जन्मोत्सव पर स्वागत कार्यक्रम पोकरण में आत्मीयता के साथ मनाया गया। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा। जैसलमेर -पोकरण मार्ग पर अनेक स्थानों पर आमजन एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत द्वार, पुष्प सज्जा और बैनर-पोस्टर लगाकर अपने प्रिय नेता का स्वागत किया। पोकरण पहुंचने पर गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी के बीच जनसैलाब उमड़ पड़ा। नगरवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने जेसीबी की कतार लगाकर एवं फूलों की वर्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पोकरण विधायक महंत श्री प्रतापपुरी महाराज के सानिध्य में सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर गुलाब की पंखुड़ियों से पगडंडी सजाई गई, जिस पर से होकर केंद्रीय मंत्री मंच तक पहुंचे। ख्यातनाम लंगा कलाकार पद्मश्री अनवर खान और उनकी टीम ने पारंपरिक मारवाड़ी लोक गीतों और स्वागत गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया। गीतों के बीच तालियों की गूंज एवं गज्जू बन्ना जिंदाबाद के नारे लगातार लगते रहे।

**जनसेवा का उपहार :** केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने सेन समाज धर्मशाला में सभा कक्ष का लोकार्पण। इसके लिए केंद्रीय मंत्री ने सांसद कोष से साढ़े सात लाख रुपए का बजट आवंटित किया था। जन्मोत्सव के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने पोकरण पंचायत समिति परिसर स्थित सेन समाज धर्मशाला में नव निर्मित सार्वजनिक सभा कक्ष का लोकार्पण किया। यह कक्ष सांसद मद से साढ़े सात लाख रुपये की लागत से निर्मित हुआ है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका कर्तव्य है, और यह कार्य जनआशीर्वाद से ही संभव है। जन्मोत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने मंच से भावुक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि जीवन का प्रत्येक क्षण हमें मृत्यु के एक कदम और करीब ले जाता है। जन्म और मृत्यु ईश्वर द्वारा तय की गई यात्रा का हिस्सा हैं। जन्मदिन इस बात का अवसर है कि हम सोचें अब तक हमने क्या पाया, क्या कमाया, और जीवन को कितना सार्थक बनाया। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले तीन दिनों में जो प्रेम, स्नेह और अपनापन देखा, वह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। परसों रात से लेकर आज तक, हर क्षण कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण मुझे नई ऊर्जा देता रहा। साथ ही, कहा कि हमारी पार्टी की शक्ति केवल उसके नेतृत्व में नहीं, बल्कि उसके कार्यकर्ताओं में निहित है। मेरी यात्रा, मेरी पहचान, मेरा निर्माण, अगर किसी ने किया है तो वो आप सब ने किया है। उन्होंने आगे कहा कि मेरी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत पोकरण की इस धरती से हुई थी। 2013 में शैतान सिंह जी के चुनाव के दौरान पहली बार मैंने धर्मशाला कार्यक्रम में मंच संभाला था।तब से लेकर आज तक, आपने मुझे जो स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद दिया, वही मेरी असली पूंजी है। उन्होंने कहा कि मेरे पास अब पहले जैसा समय नहीं है कि हर पंद्रह दिन में आपके बीच आ सकूं, पर आपके प्रति मेरा स्नेह, अपनापन और जिम्मेदारी पहले से कहीं ज्यादा है। मैं हमेशा कहता हूं कि भाजपा परिवार है एवं इस परिवार की आत्मा आप सब कार्यकर्ता हैं।

**आशीर्वाद लेकर किया समापन :** कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने महंत प्रतापपुरी जी एवं जांबा पीठाधीश्वर भगवान दास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबका यह प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी प्रेरणा है। मैं अपने हर कर्म से इसका हृदय से ऋणी रहूंगा।

# भारी बारिश का कहर, पूरी फसल हुई नष्ट

## विशेष गिरदावरी व मुआवजे की उठी मांग, किसानों की टूटी कमर, सरकार के विशेष गिरदावरी कराने के निर्देश

**हुक्मनामा समाचार**

**बावड़ी।** पिछले दिनों हुई भारी बरसात से उपखंड क्षेत्र में कई खेत पानी से भर गए बेमौसम हुई बरसात से खेतों में खड़ी व कहीं कटी हुई फसले पूरी तरह से नष्ट हो गई बाजारा, मूंग, ग्वार, मौठ सहित कई फैसले खेतों में धरा सही हो गई तथा कहीं कटी हुई फसले पानी में तैर रही है कई खेतों में अभी भी पानी होने से फसले तैरती दिख रही है तथा जो फसले पानी में डूब गई वह फिर से अंकुरित हो गई है तथा नहीं फसल उग कर तैयार हो गई खेतों में अनाज तथा चारा सब नष्ट हो गया खेती पर निर्भर रहने वाले किसान बताते हैं पिछले चार महीने से जी-जान से मेहनत कर फसलो को बड़ा कर रहे थे कर्ज ले कर बीज, खेत जुताई, सहित फसल पर स्प्रे, निराई-गुड़ाई करने के बाद हजारों रुपए के कर्ज में डूब गए अब फसल पक कर तैयार हुई उससे पहले ही बारिश ने कर-कराई मेहनत पर पानी फेर दिया अब परिवार का भरण पोषण करना दुभर हो गया तथा जो कर्जा लेकर आए थे वह चुकाना मुश्किल हो गया



**हुक्मनामा समाचार टीम पहुंची खेतों में, किसानों की सुनीं पीड़ा :** जोधपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हुए बेमौसम बारिश से फसल खराबा को लेकर हुक्मनामा समाचार की टीम खेतों में पहुंचकर किसानो की पीड़ा सुनी, किसान प्रेम राज बताते हैं की फसल कटी हुई थी बरसात होने से फिर से अंकुरित हो गई कुछ भी नहीं बचा सरकार जल्द से जल्द मुआवजा दे, वही किसान पेमाराम भाटी बताते हैं की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई सरकार मदद करें तो गुजारा हो सकता है नहीं तो संभव नहीं बिराई निवासी किसान चंपालाल सोलंकी बताते हैं इस बार फसल 100 प्रतिशत खराब होने से किसानो की कमर टूट गई सरकार मदद करें तो किसान उठ खड़ा हो सके कास्टी के किसान दौलत राम जाट बताते हैं कि फसले पूरी तरह से खराब हो गई विशेष गिरदावरी कर जल्द से जल्द मुआवजा दे बुचेटी के किसान बस्तीराम जाट बताते हैं सरकार को जल्द से जल्द गिरदावरी पूरी करवा कर किसानो की मदद करनी चाहिए चगावडा के किसान बाबूराम भाटी व गणपतराम भाटी बताते हैं की फसल 16 आंना खराब हो गई अब तो केवल सरकार से उम्मीद बची हुई है मुआवजा दे, नहीं तो किसान तो कर्ज तले दबा हुआ ही है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार :** संज्ञान में आया है बे मौसम बरसात से किसानों की फसले खराब हुई है पटवारी व गिरदावर को विशेष गिरदावरी करने के निर्देश दे दिए गए हैं जल्द ही रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी।

**जवाहर राम चौधरी, उपजिला कलेक्टर**
**बावड़ी, जोधपुर**

# शिक्षा के साथ खेल भी संवारते हैं भविष्य : भायल

## 69वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

**हुक्मनामा समाचार**

**बालोतरा।** 69वीं राज्य स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता का आज यहां रंगारंग समापन हुआ। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी भविष्य संवारते हैं और जीवन में इनकी महत्ता अपरिहार्य है।



श्री भायल ने स्वामी विवेकानंद के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि जिस देश में खेल के मैदान अधिक होंगे, उस देश में अस्पतालों की कम आवश्यकता होगी। उन्होंने खेलों को जीवन में प्रगति का आधार बताया। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि इतनी विशाल जनसंख्या होने के बावजूद भारत ओलंपिक खेलों की पदक तालिका में अक्सर छोटे देशों से पीछे रहता है। हालांकि उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि वर्तमान भारत सरकार खेलों को महत्व दे रही है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं देश का नाम रोशन करने वाले हर खिलाड़ी से बात कर उनका उत्साहवर्धन करते हैं और पुरस्कार भी प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान सरकार और भारत सरकार दोनों ही खेलों को महत्व देकर हर खिलाड़ी को अपनी पहचान बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं।

श्री भायल ने प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने विजेता और उपविजेता बालक-बालिका दोनों ही टीमों के टीम प्रभारियों, दल नायकों और निर्णायक गणों को भी सम्मानित किया। समारोह में पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया और सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडल, आयोजक विद्यालय और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र और ओलंपिक खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित श्री आशिक कुमार ने भी अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री भुवनेश्वर सिंह चौहान, भवानी सिंह जी टापरा, विकास अधिकारी दिनेश सिंह, तहसीलदार रायचंद, जगदीश सिंह पुरोहित, नग सिंह, सोहन सिंह, वीर सिंह, रूप सिंह, भवानी सिंह, कान सिंह, भवानी सिंह फूदा और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पालनहार योजना में वार्षिक सत्यापन अनिवार्य

**बालोतरा ( हुक्मनामा समाचार )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने पालनहार योजना के तहत बच्चों को मिलने वाली वित्तीय सहायता के नवीनीकरण में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि बालोतरा ज़िले में 10,759 पात्र बच्चे हैं, लेकिन 4,113 बच्चों का वार्षिक सत्यापन लंबित है। यदि यह कार्य तुरंत पूरा नहीं किया गया, तो इन बच्चों को योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि पालनहार योजना के तहत कुल 6,644 बच्चों का वार्षिक सत्यापन हो चुका है, जो एक अच्छी उपलब्धि है, लेकिन शेष 4,113 बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में 251 बच्चों का नवीनीकरण किया गया है, जो एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने ने इस गति को बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि बालोतरा 730, सिवाना 527 और बायतु 516 बच्चों का वार्षिक सत्यापन लंबित है। उन्होंने कहा कि पालनहार योजना के वार्षिक सत्यापन में किसी प्रकार की कोई समस्या आने पर बायतु ब्लॉक में 7412918397, बालोतरा ब्लॉक में 7976936225, सिणधरी ब्लॉक में 7878403174, सिवाना ब्लॉक में 9571056279, समदड़ी ब्लॉक 9460845602, पाटोदी ब्लॉक 9414532568 एवं कल्याणपुर ब्लॉक में 8829936141 ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन

## अनुशासन और एकता की दिखाई अनूठी मिसाल, स्वयंसेवकों पर हुई पुष्पवर्षा, घोष की ताल पर गूंजा सायला कस्बा

**हुक्मनामा समाचार**

**सायला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को सायला में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सायला मंडल के सभी शाखाओ से की सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। तय समयानुसार सभी स्वयंसेवक शीतला माता मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए, जहां से पथ संचलन का शुभारंभ हुआ।



शीतला माता मंदिर से रवाना होकर आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ा स्थल तक संचलन हुआ। मार्ग में नागरिकों ने हर्ष उल्लास के साथ कही जेसीबी से पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। घोष-दल की ताल पर बढ़ते स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और संगठन की शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत श्री ईश्वर भारती महाराज , सायला मठ ओर सह जिला कार्यवाह जालम सिंह ने शस्त्र पूजन किया द्य संघ के स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रदर्शन कर सामूहिकता का उदाहरण पेश किया। जिला सह कार्यवाह जालम सिंह ने पंच परिवर्धन की बात की। वहीं उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संघ का उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना है। उन्होंने युवाओं से संघ के कार्यों से जुड़ने का आह्वान करते हुए अनुशासन, राष्ट्र सेवा और संगठन की शक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। पथ संचलन के दौरान सायला थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह की देखरेख में पुलिस दल द्वारा सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मातृभूमि की जय, भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

# राष्ट्र निर्माण में क्षत्रिय कर्मचारियों को आगे आना होगा

## पूज्य तनसिंह जी के विचारों से प्रेरित होकर फलोदी में स्नेह मिलन संवाद



**हुक्मनामा समाचार**

**फलोदी।** श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन द्वारा रविवार को फलोदी स्थित सियाराम सेवा समिति आश्रम में जिला स्तरीय क्षत्रिय अधिकारी कर्मचारी स्नेह मिलन एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य तनसिंह जी की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलन व प्रार्थना के साथ हुआ।

इस अवसर पर फाउंडेशन के केंद्रीय कार्यकारी एवं श्री क्षत्रिय युवक संघ के प्रतिनिधि रेवंत सिंह पाटोदा ने कहा कि क्षत्रिय कर्मचारी तनसिंह जी के विचार दर्शन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि समाज की युवा शक्ति को प्रशासन, राजनीति और व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में समन्वय बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। जैसलमेर जिला प्रभारी कमल सिंह भैंसड़ा ने संगठन के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति आदर भाव रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व है। कार्यक्रम में जोधपुर जिला प्रभारी वीरेंद्र सिंह बलरिया, सांवल सिंह धोलिया, चंद्रवीर सिंह झिझनियाली सहित लगभग सौ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि क्षत्रिय परंपरा सदा से सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की रही है और यही भाव निरंतर बनाए रखना ही सच्ची सेवा है।

# युवा कांग्रेस ने पीपाड़ में फूँकी नई ऊर्जा

## पीपाड़ शहर में 35 वार्ड अध्यक्ष घोषित

**हुक्मनामा समाचार**

**पीपाड़ शहर।** भारतीय युवा कांग्रेस जोधपुर देहात जिला अध्यक्ष पुखराज दिवराया द्वारा संगठन सुदृढ़ीकरण एवं युवाओं की भागीदारी को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पीपाड़ शहर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।यह विस्तार राजस्थान युवा कांग्रेस प्रभारी विकास चिकारा, सह प्रभारी कपिल देसाई, सह प्रभारी ज्ञानेश शुक्ला, प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर मुण्ड,यशवीर सूरा, महासचिव संगठन अरबाब खान, लक्ष्मण सिंह साखला, सुश्री डिम्पल सिंदल एवं जोधपुर प्रभारी राजेश रलिया की सहमति एवं अनुमोदन से किया गया। पीपाड़ शहर में एक साथ 35 वार्ड अध्यक्षों की घोषणा की गई।

जिलाध्यक्ष पुखराज दिवराया ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस संगठन युवाओं की ऊर्जा और समाजसेवा के जज़्बे को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम है। नई टीम के जुड़ने से संगठन और अधिक सक्रिय एवं मजबूत होगा।युवा कांग्रेस द्वारा लगाए गए ब्लॉक प्रभारी गांव-गांव जाकर सक्रिय युवाओं का चयन कर रहे हैं। इस टीम में भी सभी सक्रिय युवाओं को अवसर दिया गया है। जल्दी ही ग्राम अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

विधानसभा प्रभारी दयाल सिंह सोलंकी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन सिंह बोचावत की अनुशंसा अनुसार पीपाड़ शहर की यह कार्यकारिणी घोषित की गई है। भारतीय युवा कांग्रेस की यह नई कार्यकारिणी सामाजिक सरोकारों और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। युवाओं को अवसर देने और लोकतांत्रिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का यह प्रयास आने वाले समय में संगठन की असली ताक़त बनेगा।

वार्ड अध्यक्षों में राजू सांखला, माणक राम कच्छावाहा, आफताब कुरैशी, चाद मोहम्मद कुरेशी, बरकत खोखर, जुबैर कुरैशी, मिश्रीलाल भाटी, रामनिवास कच्छावाहा, नरपत गहलोत, सरफराज सिलावट, सलीम खोखर, शरीफ गौरी, मौहसीन बैलीम, रामनिवास गोकलिया, जावेद बैलिम, सुरेश गहलोत, प्रकाश टाक, सुमेर सिंह, रवि शर्मा, कमल किशोर सोनी, मोहम्मद इमरान गौरी, जय सिंह जीनगर, अब्दुल मजीद, लोकेश सोनेल, मुराद अली, अभिषेक जांगिड़, रवि मेघवाल, मुकेश सोनेल, फारूक, पदम परिहार, सुमेर टाक, सुनील टाक, नन्दु टाक, रणजीत सिंह सैनी, प्रमोद कच्छावाहा को नियुक्त किया गया है।

# रामदेवजी गौशाला में गरबा खनके डांडिया



**सायला ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड क्षेत्र दुदवा मे रामदेवजी गौशाला दूदवा में शनिवार को एक दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन का शुरुआत गौ माता की आरती के साथ हुई। जिसमे श्री मम्माई माताजी गरबा मंडल तालियाना व माजिसा गरबा मंडल आलवाड़ा गरबा मंडली ने दूदवा गौशाला में गरबा की भव्य प्रस्तुतियाँ दी। दोनों मंडली ने एक से बढ़कर एक गरबा नृत्य कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। जिसमे गायक प्रकाश देवासी आकवा व रेखा भारजा (आबूरोड) द्वारा एक से बढ़कर एक गरबों की प्रस्तुति दी। जिससे गौशाला परिसर में पहुंचे भक्त झूम उठे। वही कार्यक्रम में डांसर व कॉमेडियन और अन्य कलाकारों ने मंच पर अपनी कला की मिसाल प्रस्तुत की, भक्तों का मनोरंजन किया। रामदेवजी गौशाला परिसर में भक्तों से सराबोर रहा। गौशाला और महोत्सव स्थल को आकर्षक रोशनी, तोरण द्वार और फुल मालाओ से सजाया गया। पूरे महोत्सव में पुलिस प्रशासन द्वारा भरपूर सहयोग दिया गया।

# जिले में संध्याकालीन गश्त के दौरान वृहद् स्तर पर कार्यवाही

**हुक्मनामा समाचार**

**फलोदी।** दीपावली पर्व के मद्देनज़र जिले में कानून-व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण को सुदृढ़ बनाने हेतु शनिवार शाम को पुलिस द्वारा जिलेभर में संध्याकालीन गश्त के दौरान वृहद् स्तर पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराजसिंह चारण, वृताधिकारी फलोदी अचलसिंह देवड़ा तथा वृताधिकारी लोहावट संग्रामसिंह भाटी के सुपरविजन में सभी थानों की टीमें सक्रिय रहीं।



गश्त के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में मुख्य बाजारों, राजमार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 100 से अधिक चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिसमें बिना नंबर प्लेट के 32 वाहन जब्त किए गए। वहीं, बम्पर लगाकर वाहन चलाने वाले 31 चालकों एवं पटाखे बजाने वाले 2 बुलट चालकों पर भी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त होटल एवं ढाबों की सघन जांच कर आगंतुकों का रिकॉर्ड संधारित करने, विदेशी नागरिकों का सी-फॉर्म भरने तथा कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन करवाने के निर्देश दिए गए।

# विश्नोई धर्मशाला का संतों के सानिध्य में कल होगा लोकार्पण

**बाप ( हुक्मनामा समाचार )।** बाप कस्बा स्थित नव निर्मित विश्नोई धर्मशाला भवन का मंगलवार को लोकार्पण होगा। इसको लेकर सोमवार रात्रि जागरण व मंगल वार प्रात: हवन तथा पाहल होगा। संत प्रेमदास जांबा ने बताया विश्नोई समाज के कई संत विद्वान उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहेगे। सोमवार रात्रि भव्य जागरण होगा, जिसमें एक से एक भजन गायक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अगले दिन प्रात: शब्द वाणी होगी। महंत भगवान दास जांबा, महंत आनंद प्रकाश, मोलीसर धाम पीठाधीश्वर कृपाचार्य, फलोदी विधायक पब्बाराम, स्वामी बालकिशन सहित जनप्रतिनिधियों के समाज बंधु उपस्थित रहेंगे।

### सोनम वांगचुक का देशवासियों के नाम जेल से संदेश

# हिंसा की न्यायिक जांच नहीं होने तक जेल में रहूंगा

**हुक्मनामा समाचार**



**जोधपुर।** लद्दाख के लेह में हुई हिंसा के मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत बंद सोनम वांगचुक से जोधपुर सेंट्रल जेल में बड़े भाई त्सेतन दोरजे ले और अधिवक्ता ने मुलाकात की। अधिवक्ता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सोनम वांगचुक का क्षेत्रवासियों के लिए संदेश भेजने का दावा किया। उन्होंने कहा कि सोनम वांगचुक लेह में हिंसा के दौरान चार जनों की हत्या की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग चाहते हैं।

दरअसल, हिंसा के बाद गत 26 सितम्बर को सोनम वांगचुक को रासुका में गिरफ्तार कर लिया गया था। तत्पश्चात उन्हें विमान से जोधपुर लाकर सेंट्रल जेल जोधपुर में बंद कर दिया गया। उनसे किसी को भी मिलने नहीं दिया जा रहा है।

इस बीच, दो दिन पहले केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पत्नी, भाई व लीगल एडवाइजर को जोधपुर जेल में बंद सोनम वांगचुक से मिलने की इजाजत दी थी। इसी के तहत बड़े भाई त्सेतन दोरजे ले और अधिवक्ता मुस्तफा हाजी शनिवार को जोधपुर जेल पहुंचे और सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

**पूरी तरह स्वस्थ हैं वांगचुक :** अधिवक्ता मुस्तफा हाजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के मार्फत जेल में सोनम वांगचुक से मिलने की पुष्टि की। उन्होंने दावा किया कि जोधपुर जेल में बंद सोनम वांगचुक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हैं और सभी को चिंता व प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद भी दिया है।

**लद्दाख व देशवासियों के नाम संदेश :** उन लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई, जिन्होंने हिंसा में जान गंवाई व घायल हुए और गिरफ्तार किए गए। चार लोगों की हत्या की स्वतंत्र न्यायिक जांच करवाई जाए। ऐसा होने तक सोनम वांगचुक जेल में रहने को तैयार हैं। छठी अनुसूची व राज्य का दर्जा पाने की वास्तविक संवैधानिक मांग में सर्वोच्च निकाय, केडीए व लद्दाख के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ा होने का दावा किया। सर्वोच्च निकाय लद्दाख के हित में जो भी कदम उठाएगा तहे दिल से साथ होने का वादा। आमजन से अपील की कि वे शांति व एकता बनाए रखें। अहिंसा के सच्चे गांधीवांदी तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से अपना संघर्ष जारी रखें।

## ट्रोले में लगी आग, ड्राइवर -खलासी सुरक्षित

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर के ओसियां क्षेत्र से टाइलें भरकर बीकानेर जा रहे एक ट्रोले में भीषण आग लग गई। हादसा मतोडा थाना क्षेत्र में भारत माला सड़क मार्ग पर हुआ। हादसे में चालक और खलासी सुरक्षित बच गए। मतोडा थाना प्रभारी अमाना राम ने बताया कि घटना रविवार सुबह करीब छह बजे हुई। ओसियां क्षेत्र से टाइलें भरकर बीकानेर जा रहा ट्रोला सिरमंडी के पास भारत माला सडक् मार्ग पर रेलिंग से टकरा गया। रेलिंग से टकराने के बाद ट्रोले में लदी टाइलों के बीच घर्षण हुआ, जिससे टायरों में आग लग गई। आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरे ट्रोले को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही चालक और खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने के बाद ट्रोला नीचे की ओर पलट गया। थानाधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



**समाचार-सार**

## दिशा समिति की बैठक आज

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला जोधपुर एवं फलोदी की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की वर्ष 2025-26 की द्वितीय त्रैमासिक बैठक सोमवार को आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत करेंगे। यह बैठक सुबह 10.30 बजे मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में होगी। जिला कलेक्टर एवं सदस्य सचिव, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) जोधपुर गौरव अग्रवाल ने बताया कि बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक रविवार शाम को जोधपुर पहुंचे। उन्होंने आज होटल मेपल में अभिनंदन समारोह में भाग लिया तथा सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम किया। वे सोमवार को सुबह दस 10 बजे जोधपुर से प्रस्थान कर बिलाड़ा पहुंचेंगे तथा सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित शहरी सेवा शिविर नगर पालिका बिलाड़ा का अवलोकन करेंगे तथा दोपहर एक बजे बिलाड़ा से प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सर्वार्थ सिद्धि योग में आज मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** इस वर्ष शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर को विशेष धार्मिक, सांस्कृतिक और ज्योतिषीय महत्व के साथ मनाई जाएगी। यह पूर्णिमा सर्वार्थ सिद्धि योग और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के संयोग में पड़ रही है। पौराणिक मान्यता के अनुसार चंद्रमा अपनी पूर्णता से पृथ्वी पर अमृतकणों की वर्षा करता है, इसलिए इस रात गाय के दूध और चावल से बनी खीर को खुले आकाश में रखकर भोग अर्पित किया जाता है। जोधपुर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। फतेह सागर क्षेत्र के रामानुजकोट मंदिर, कटला बाजार कुंज बिहारी मंदिर, चौपासनी श्याम मनोहर प्रभु मंदिर और अजनेश्वर आश्रम में भजन, संकीर्तन और खीर भोग का आयोजन होगा। रातानाडा श्रीकृष्ण मंदिर में 108 बर्तनों में खीर बनाई जाएगी और चंद्रमा की किरणों में रखी जाएगी। बिश्नोई समाज की ओर से गुरु जम्भेश्वर मंदिर, जाजीवाल धोरा धाम में भी खीर उत्सव का आयोजन होगा।



## अवैध बजरी से भरा डम्पर जब्त



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** लूणी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ओवरलोड डम्पर को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त किया है। डम्पर चालक के पास बजरी परिवहन हेतु आवश्यक वैध रवान्ना पर्ची नहीं पाई गई।

थानाधिकारी हनवंत सिंह राजपुरोहित मय जाब्ता द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान यह कार्रवाई की गई। जब्त किए गए डम्पर में भरी गई बजरी की रवान्ना पर्ची दो दिन पुरानी पाई गई, जो नियमों के तहत मान्य नहीं मानी जाती। लूणी थाना क्षेत्र में लूणी नदी से बजरी खनन की लीज होने के चलते ट्रेलर व डम्परों की आवाजाही बढ़ गई है। पुलिस के अनुसार, कुछ वाहन चालक एक ही रवान्ना पर्ची का दुरुपयोग कर कई चक्कर लगाते हुए अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हैं, जिससे न सिर्फ राजस्व की हानि होती है, बल्कि ओवरलोडिंग से सडक़ों पर भी खतरा बढ़ता है। थानाधिकारी ने बताया कि ऐसे ओवरलोड व अवैध बजरी परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया जा रहा है। खनन विभाग जोधपुर को भी इस कार्रवाई की सूचना दे दी गई है।

# जोधपुर शहर में 52 स्थानों पर निकले संघ के पथ संचलन

### स्वयंसेवकों ने घोष के साथ किया कदमताल, बस्तियों में हुआ शस्त्र पूजन





**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष प्रवेश व विजयादशमी कार्यक्रम के तहत रविवार को शहर में 52 बस्तियों में पथ संचलन निकाले गए। हर बस्ती से स्वयंसेवक घोष के साथ अनुशासन में कदमताल करते हुए सामूहिकता का परिचय दे रहे थे।

महानगर कार्यवाह भरत जांगिड़ ने बताया कि महानगर की 145 बस्तियों में संचलन के तहत विजयदशमी पर तीस और रविवार को 52 बस्तियों में संचलन निकले। शेष 12 अक्टूबर को निकलेंगे। जांगिड़ ने बताया कि हर गली घर तक संघ की पहुंच हो इसी उद्देश्य के साथ बस्तियों में संचलन निकल रहे हैं। स्वयंसेवकों ने आज पथ संचलन में पूर्ण गणवेश में घोष की लय पर कदमताल करते हुए अनुशासन और सामूहिकता का परिचय दिया। सभी जगह संचलन से पूर्व शस्त्र पूजन कार्यक्रम व पदाधिकारी का बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया।

**यहां पर हुआ पथ संचलन :** शहर के कीर्ति नगर की विश्वकर्मा गांधी नगर व मदेरणा कॉलोनी बस्ती, केशव नगर की सर्वेश्वर, आरोड़ा, केशव व प्रतापेश्वर बस्ती, चोखा की चौपासनी व गंगाना बस्ती, नंदनवन नगर की गुरुनानक, लटियाल, माधव व द्वारिका बस्ती, पाशर्वनाथ नगर की विश्वकर्मा व बिजलीघर बस्ती, पाल बालाजी नगर की 23 सेक्टर व मानसरोवर, बागर नगर की नीलकंठ, गंगा मैया व राम बाग बस्ती, मंडोर नगर की मगरा, चैनपुरा व नयापुरा बस्ती, महामंदिर नगर की महावीर, आकाशवाणी, सरदारपुरा की होली चौक बस्ती सहित अन्य स्थानों पर पथ संचलन निकले। सरदारपुरा नगर के होली चौक बस्ती का संचलन क्षेत्र की गलियों से घोष के साथ निकला जिसका मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस जगह विशेष छोटे बच्चों ने पूर्ण गणवेश में हिस्सा लिया जो आकर्षण का केंद्र बने रहे।

# जोधपुर से बालोतरा जा रही स्लीपर बस पलटी

### एक यात्री की मौत, 35 घायल, गंभीर जोधपुर रैफर

**हुक्मनामा समाचार**



**जोधपुर/बालोतरा।** जोधपुर से बालोतरा जा रही स्लीपर बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि 35 लोग घायल हो गए। घटना बालोतरा जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र की है।

कल्याणपुर सीआई बुद्धाराम ने बताया कि घटना दोपहर 2 बजे की है। थाना क्षेत्र के अराबा गांव के पास पहुंचने पर ड्राइवर का कंट्रोल बिगड़ गया। इससे बस बेकाबू होकर सडक् के बीचों बीच पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कुछ देर बाद 108 एम्बुलेंस की टीम भी पहुंची। सभी घायल यात्रियों को कल्याणपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में उपचार कराया गया। जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं बाकी उनका उपचार जारी है। कुछ गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया है। हादसे में 35 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए कल्याणपुर सीएचसी लेकर आया गया। घायलों में विनोद कुमार राठौड़, सुनील, नवाब सिंह, बुलर कुमार, राजकुमार, रोहित, ललिता, रूपाराम, बानो, जितेंद्र, अमर खान, सरस्वती, सानू, तरूण गोयल, गौतम प्रसाद, शिवानंद, भवानीशंकर, दशरथ सिंह, हेमलता, जगबहादुर, आरशा, मोहम्मद, शानू, कालूराम, उषा, महिमा, सुरेंद्र, रघुराज, जानकी, राज पटेल, देवेंद्र, आकाश और ओमप्रकाश शामिल हैं। हादसे के कारण नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को सडक् किनारे हटवाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## अजमीढ़ जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के आदिपूर्वज महाराजा अजमीढ़ जयंती समाज भवन में शरद पूर्णिमा पर छह अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जाएगी। श्री मेढ़क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष भोजराज कड़ेल ने बताया कि श्री अजमीढ़ जयंती कार्यक्रम के तहत शोभायात्रा महामंदिर तीसरी पोल से सुबह नौ बजे रवाना होकर महामंदिर से नागोरी गेट, शिप हाउस, मेड़ती गेट, हाथीराम का ओडा, घंटाघर, नई सडक्, बाईजी का तालाब होते हुए सोजती गेट समाज भवन में पहुंचेगी। युवा अध्यक्ष भूपेंद्र सहदेव ने बताया कि सोजती गेट समाज भवन में, आराध्य देव अजमीढ़ महाराजा को माला पहनाकर, दीप प्रज्वलित कर, आरती एवं पूजन किया जाएगा। इसके बाद में कई तरह के रंगारंग कार्यकम होंगे, वही झांकी में बने हुए सभी प्रतिभागताओं और समाज बंधुओं को दुपट्टा पहना कर मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा।

# प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के लिए संकल्पबद्ध : पटेल

### 232.53 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

**हुक्मनामा समाचार**



**जोधपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को पंचायत समिति धवा की ग्राम पंचायत चाली के नवनिर्मित मिनी सचिवालय भवन सहित 232.53 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और कृषि कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सहायता राशि बढ़ाकर 9 हजार रुपए की गई। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त धनतेरस के अवसर पर किसानों के बैंक खातों में जमा की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा गरीबी मुक्त राजस्थान के लिए पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना प्रारम्भ की गई है। ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से 10 हजार गांवों में योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना में जो परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए उन्हें 21 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक् योजना के चतुर्थ चरण के तहत प्रदेश में लगभग 1600 बसावटों को चरणबद्ध रूप से आगामी दो वर्षों में डामर सडक़ों से जोड़ा जा रहा है। चरणबद्ध रूप से 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में अटल प्रगति पथ का निर्माण करवाया जा रहा है। ग्रामीण परिवेश में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए 3500 गांवों में ओपन जिम खोले जाएंगे।

**आमजन के कार्य त्वरित गति से होंगे :** संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुशासन एवं जन केंद्रित प्रशासन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन पंचायत भवनों में मिनी सचिवालय की स्थापना की जा रही है। जिसके तहत एक ही छत के नीचे ग्रामीण विकास, पंचायती राज, राजस्व, कृषि विभाग एवं ई-मित्र संबंधित आमजन से जुड़े कार्य संपादित किए जाएंगे। उन्होंने कहा गांव के विकास में चाली सरपंच गीतादेवी ने जो योगदान दिया वो हम सबके लिए अनुकरणीय है। संसदीय कार्य मंत्री ने चाली स्थित जगदम्बा माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। कार्यक्रम में प्रधान धवा गोविंद भील, उप प्रधान शेराराम पाबड़, सरपंच चाली गीता देवी, जिला परिषद सदस्य चैनाराम पटेल एवं राजेन्द्र प्रसाद मेघवाल, उपखंड अधिकारी हसमुख कुमार, विकास अधिकारी ओमप्रकाश, समाजसेवी जोगाराम, मोहनराम पटेल, भंवर पटेल, राकेश बिश्नोई, रावतराम बिंजारिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाज की एकता और उत्सव का प्रतीक बना महाप्रसादी एवं पारितोषिक वितरण समारोह



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** अग्रवाल पंचायत जोधपुर की ओर से रविवार को आदर्श विद्या मंदिर केशव परिसर (कमला नेहरू नगर) में महाप्रसादी एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनोज गर्ग, जोधपुर जिलाधीश गौरव अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विनीत बंसल और अग्रभामाशाह गौरीशंकर बंसल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नंदकिशोर जालानी और आनंद सिंहल मौजूद रहे। पंचायत अध्यक्ष मुकुल गुप्ता और सचिव अनिल अग्रवाल के अनुसार अतिथियों का स्वागत दुपट्टा एवं पुष्पमाला पहनाकर किया गया। समारोह में सैकड़ों अग्रबंधु सम्मिलित हुए।

**40 दिनों से चल रही प्रतियोगिताओं का समापन :** पिछले 40 दिनों से समाज में विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही थीं। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित किया गया और पारितोषिक प्रदान किए।

**समाज का उद्देश्य : सादगी और सेवा भावना का प्रसार :** महोत्सव संयोजक चमन अग्रवाल के अनुसार, अग्रवाल समाज का उद्देश्य समाज में एकता, सादगी और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। समाज ने संकल्प लिया है कि शादी-विवाह और अन्य आयोजनों में फिजूलखर्ची पर रोक लगाई जाएगी और सादगीपूर्ण आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## परिवर्तित मार्ग से चलेगी भोपाल एक्सप्रेस

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सोगरिया-गुरला रेलवे स्टेशन के बीच तकनीकी कार्यों से यातायात प्रभावित रहेगा। इस कारण जोधपुर से भोपाल आने-जाने वाली ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस सात अक्टूबर तक सोगरिया-गुरला वहीं गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस आठ अक्टूबर तक गुरला-सोगरिया के मध्य परिवर्तित मार्ग से चलेगी।




स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066, **सिटी कार्यालय :** मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -**जयपुर कार्यालय :** जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

सम्पादकीय...

## अमेरिका की अरब सागर में एंट्री



समाचार पत्र में यह खबर बहुत छोटी लगी है लेकिन इसका बहुत बड़ा महत्व है भारत के लिए यह खबर नींद उड़ाने वाली है क्योंकि पाकिस्तान ने अमेरिका को बलूचिस्तान में बंदरगाह बनाने का प्रस्ताव दिया है। उससे लग रहा है कि अमेरिका पाकिस्तानी आर्मी के चीफ आसीम मुनीर के साथ मिलकर भारत के खिलाफ गहरी साजिश में लग गए हैं।

पाकिस्तान में कई सरकार आई और चली गई लेकिन अमेरिका को अपने पांव पाकिस्तान में पसारने का कभी बड़ा मौका हाथ नहीं आया जो अब आ गया है। पाकिस्तान अमेरिका को बलूचिस्तान के पसनी में बंदरगाह विकसित करने का ऑफर दिया है पिछले दिनों आर्मी चीफ मुनीर के सलाहकारों ने राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सलाहकारों को इसके राजनीतिक और सामरिक लाभ बताएं और पूरी योजना से अवगत कराया इसके बाद अमेरिका ने पाकिस्तान के प्रस्ताव को विचारार्थ स्वीकार कर लिया है।

पसनी का प्रस्तावित बंदरगाह ईरान में भारतीय बंदरगाह चाबहार से 400 किलोमीटर की दूरी पर होगा तथा पसनी मैं बंदरगाह के अमेरिका की एंट्री चाबहार बंदरगाह तक हो जाएगी। यदि पसनी में अमेरिकी बंदरगाह बन गया तो सामरिक दृष्टि से भारत को बहुत नुकसान होगा क्योंकि पाकिस्तान में बैठकर अमेरिका सीधी भारत पर निगरानी रखेगा और अमेरिका के जहाज सैन्य टुकड़ी मिसाइल सब वहां तैनात रहेंगे माना जा रहा है कि पाकिस्तान तो इस बंदरगाह से सुरक्षित और अमेरिका के करीब हो जाएगा लेकिन भारत को कभी भी इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

वैभव लोढ़ा...

### इतिहास में आज

1860: भारतीय दंड संहिता पारित हुई, जो भारत में अपराधों और उनकी सजाओं का निर्धारण करती है।

1954: भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना लाने की घोषणा की।

1962: 32 साल के सबसे लंबे समय तक अंपायरिंग करने वाले जीवन डी घोष का जन्म हुआ।

-धर्म चंद मेहता

### क्रॉस फायर

❑ प्रधानमंत्री ने 62000 करोड़ रुपए से अधिक की युवा पहलों का शुभारंभ किया।

◆ युवाओं को अभी साधना ही जरूरी है।

❑ मुख्य न्यायाधीश गवई बोले बुलडोजर एक्शन का मतलब कानून तोड़ना।

◆ ऐसा करने से ही इनकी तूती बोलती है।

❑ केरल में कोल्डिफ कफ सिरप पर बेन।

◆ जांच हो तो आधी दवाइयां नुकसानदायक।

❑ आरबीआई का नया क्लियरेंस सिस्टम लागू, 1 दिन में चेक क्लियर होगा।

◆ लेने वाली की सुविधा देने वाले की मुसीबत।

❑ दिल्ली में केजरीवाल के शीश महल को गेस्ट हाउस बनाने की तैयारी।

◆ अच्छा होता बुलडोजर चलवा देते।

❑ अमित शाह बोले 26 मार्च से पहले बस्तर नक्सल मुक्त हो जाएगा।

◆ डर है कहीं दूसरी जगह नहीं पनप जाए।

❑ कोटा में शिविर में खाली कुर्सियों पर नाराजगी, मंत्री दिलावर अधिकारी पर भड़के कहां आराम फरमाने आए हो क्या।

◆ जनता ही नहीं आए तो अफसर क्या करें।

.............अंजू लोढ़ा

### आज का राशिफल

**सोमवार, 06 अक्टूबर 2025**

**मेष राशि:** अपने निर्णय को सुरक्षित रखें, हर किसी को अपना प्रयोजन न बताएं। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

**वृषभ राशि:** संतान से जुड़े मामले सहज ही निपटेंगे। प्रगतिवर्धक समाचार मिलेंगे। व्यावसायिक अनुकूलता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में सुधार की संभावना है।

**मिथुन राशि:** अपने व्यवहार को नम्र बनाएं। दूसरों की बातों को भी सुनें। कटु वचनों का प्रयोग न करें। कानूनी काम होंगे, कार्ययोजना को गुप्त रखना आपके हित में रहेगा। जल्दबाजी में नहीं रहें।

**कर्क राशि:** समाज में आप का प्रभाव बढ़ेगा। प्रशासन से जुड़े लोग व्यस्त रहेंगे। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान मिलेगा। पराक्रम बढ़ेगा।

**सिंह राशि:** कार्यस्थल पर कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। नई साझेदारी लाभदायक रहेगी। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। अनुकूल समाचार मिलेंगे।

**कन्या राशि:** दिन की शुरुआत में आलस की अधिकता रहेगी। राज्यपक्ष में आपका प्रभाव बढ़ेगा। विरोधियों से सावधान रहें। दाम्पत्य सुख मिलेगा।

**तुला राशि:** अच्छा सोचें, सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के अवसर आएंगे। धन प्राप्ति के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा। परिवार में तरक्की होगी।

**वृश्चिक राशि:** जो भी करें सोच-समझ के करें। लोगों के बिच अपनी छवि सुधारें। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। पारिवारिक मामले अशांत रहेंगे।

**धनु राशि:** आप की मेहनत के अनुकूल सफलता मिलेगी। प्रतिस्पर्धा में यश, सफलता मिलेगी। संतान से मदद प्राप्त हो पाएगी। आर्थिक योजनाओं का क्रियान्वयन होने की संभावना है।

**मकर राशि:** समय मध्यम है, तनाव बढ़ेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। महत्व के कार्य, निर्णयों में सहयोग लेना होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। वाहन से चोट लग सकती है। व्यर्थ के विवादों से दूर रहें।

**कुम्भ राशि:** आर्थिक लाभ होने से रुके कार्यों को गति मिलेगी योजनाएं फलीभूत होंगी। लेनदेन, कर्ज, खर्च की पूर्णता होगी। पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि से संतोष रहेगा।

**मीन राशि:** समय पर निर्णय लेने से कार्यों में सफलता तय है। व्यावसायिक संबंधों का लाभ मिलेगा। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# औषधीय गुणों की खान है शरद पूर्णिमा की खीर



बाल मुकुन्द ओझा

भारत त्योहारों का देश है। यहां हर त्योहार का कोई न कोई निहितार्थ है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राष्ट्रीय एकता के जीवन्त प्रतीक होते हैं।इसमें देश के इतिहास का समावेश होता है। त्योहार बिना जाति, धर्म ओर भेदभाव के सभी लोग मिलजुल कर मनाते हैं और एक दूसरे के सुख दुख में भागीदारी देते हैं। ऐसा ही एक त्योहार शरद पूर्णिमा है। शरद पूर्णिमा पर देश के अनेक भागों में औषधीय खीर का वितरण सभी धर्मों के लोगों को समान रूप से किया जाता है। मान्यता है शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं में रहकर पृथ्वी के काफी करीब रहता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा से निकलने वाली किरणों में सभी प्रकार के रोगों को हरने की क्षमता होती है। इसीलिए कहा गया है कि शरद पूर्णिमा की रात आकाश से अमृत वर्षा होती है। इसी अमृत वर्षा को चखने के लिए घर घर में खुले आसमान के नीचे खीर बनायीं जाती है। इस खीर को प्रसाद के रूप में अगली सुबह वितरित किया जाता है।हिंदू पंचांग के अनुसार शरद पूर्णिमा का पावन पर्व इस वर्ष 6 अक्टूबर, को देशभर में मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार, आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर 2025, दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी जिसका समापन 7 अक्टूबर, सुबह 9 बजकर 16 मिनट पर होगा। पंचांग के अनुसार इस बार शरद पूर्णिमा का पर्व 6 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा।

इस दिन चन्द्रोदय का समय शाम 5 बजकर 27 मिनट पर होगा। शरद ऋतु की पूर्णिमा काफी महत्वपूर्ण तिथि है। साल की 12 पूर्णिमा में से शरद पूर्णिमा सबसे खास होती है। शरद पूर्णिमा तन, मन और धन तीनों के लिए सर्वश्रेष्ठ होती है। शरद पूर्णिमा पर लक्ष्मी जी की उपासना कर कोजागर पूजा की जाती है, ये पूजा सर्वसमृद्धिदायक मानी गई है। देशभर में शरद पूर्णिमा का त्योहार काफी धूम-धाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसे कौमुदी उत्सव, कुमार उत्सव, शरदोत्सव, कमला पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी इसे जाना जाता है। हिंदू धर्म में सभी पूर्णिमा में आश्विन पूर्णिमा का विशेष महत्त्व है। शास्त्रों के अनुसार यह दिन आमजन के लिए लाभकारी है।

शरद पूर्णिमा पर खीर बनाकर चांदनी रात में रखने की परंपरा अब तक चली आ रही है। माना जाता है कि इस रात चंद्रमा की रोशनी में खीर रखने से खीर में औषधीय गुण आ जाते हैं। मान्यता है इस खीर को खाने से पित्त से जुड़ी समस्याएं कम होती हैं, साथ ही एसिडिटी, स्किन रेशेज, पेट में जलन, आर्टिकेरिया जैसी बीमारियों से इस खीर से राहत मिलती है। आयुर्वेद के अनुसार, चंद्रमा की किरणों में औषधीय गुण होते हैं, जो खीर में मौजूद दूध और चावल के साथ मिलकर स्वास्थ्यवर्धक प्रभाव डालते हैं। दूध में लैक्टिक एसिड और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो चंद्रमा की किरणों के संपर्क में आने पर और अधिक प्रभावी हो सकते हैं।चांदनी रात में खीर को खुले आसमान के नीचे रखने से यह ठंडी रहती है, और बैक्टीरिया के विकास की संभावना कम होती है। इसके अलावा, शरद ऋतु में तापमान संतुलित होता है, जो खीर को रात भर ताजा रखने में मदद करता है।पूर्णिमा की चांदनी में खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे रखने के पीछे वैज्ञानिक तर्क यह है कि चंद्रमा के औषधीय गुणों से युक्त किरणें पड़ने से खीर भी अमृत के समान हो जाएगी। उसका सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होगा। इस दिवस से वर्षा काल की समाप्ति तथा शीत काल की शुरुआत होती है।

शरद पूर्णिमा को भगवान कृष्ण से भी जोड़ कर देखा गया है। इसे रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता यह है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि को भगवान् श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ महा रास नामक दिव्य नृत्य किया था। इस दिन धन, वैभव और ऐश्वर्य की देवी माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक शरद पूर्णिमा को माता लक्ष्मी रातभर विचरण करती हैं। जो लोग माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं और अपने घर में उनको आमंत्रित करते हैं, उनके यहां वर्ष भर धन वैभव की कोई कमी नहीं रहती है। शरद पूर्णिमा के अवसर पर देश के अनेक स्थानों पर अस्थमा पीड़ितों के लिए खास औषधि का वितरण किया जाता है। यह औषधि चंद्रकिरणों से तैयार की जाती है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# शरद पूर्णिमा: अमृत बरसाती चांदनी और माता लक्ष्मी की कृपा

**महेन्द्र तिवारी**

शरद पूर्णिमा का पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और महत्त्वपूर्ण माना गया है। आश्विन मास की पूर्णिमा को यह उत्सव मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन समुद्र मंथन के दौरान मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं और उन्होंने भगवान विष्णु को अपना पति स्वीकार किया। तभी से यह दिन लक्ष्मी पूजन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस रात देवी लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करती हैं और अपने जाग्रत भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। इसीलिए इसे कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है—कौन जाग रहा है। विश्वास है कि इस रात जो भी जागकर भक्ति करता है, उस पर देवी लक्ष्मी प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाती हैं।

इस वर्ष शरद पूर्णिमा सोमवार, 6 अक्टूबर 2025 को मनाई जाएगी। पूर्णिमा तिथि का आरंभ दोपहर 12 बजकर 24 मिनट पर होगा और इसका समापन अगले दिन 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 18 मिनट पर होगा। चूंकि परंपरा के अनुसार व्रत उस दिन किया जाता है जब पूर्णिमा तिथि संध्या के समय होती है, इसलिए पूजा-व्रत 6 अक्टूबर को ही संपन्न होंगे। शरद पूर्णिमा की रात का विशेष महत्व है क्योंकि इस दिन चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण दिखाई देता है और उसकी किरणों को अमृतमयी माना जाता है। जनश्रुति है कि इस रात चंद्रमा की चांदनी अमृत बरसाती है और उसके प्रभाव से धरती पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यही कारण है कि इस दिन खीर बनाने और उसे खुले आकाश तले चांदनी में रखने की परंपरा है। रातभर रखी खीर को प्रात:काल प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है, जिससे स्वास्थ्य लाभ, मानसिक शांति और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा भी प्रचलित है।

कहा जाता है कि एक व्यापारी की दो बेटियां थीं, जो धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। बड़ी बेटी पूर्णिमा के व्रत-उपवास में अत्यंत निष्ठावान थी और पूर्ण श्रद्धा से व्रत करती थी, जबकि छोटी बेटी व्रत तो करती थी, लेकिन पूर्ण नियमों का पालन नहीं करती थी और संध्या से पहले ही भोजन कर लेती थी। विवाह के बाद बड़ी बहन को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई और उसका परिवार सुखी रहा, जबकि छोटी बहन की संतान जीवित नहीं रहती थी। इससे दुखी होकर उसने एक महात्मा से उपाय पूछा। महात्मा ने बताया कि उसका मन ईश्वर भक्ति में एकाग्र नहीं होता, इसलिए उसे यह कष्ट भोगना पड़ता है। उन्होंने उसे शरद पूर्णिमा का व्रत विधिपूर्वक करने का उपदेश दिया। छोटी बहन ने व्रत तो किया, लेकिन पुत्र जीवित न रह सका। तभी बड़ी बहन वहां आई और संयोग से जब उसके वस्त्र शिशु से स्पर्श हुए तो मृत शिशु जीवित हो उठा। यह देखकर छोटी बहन को व्रत की महिमा का बोध हुआ और उसने श्रद्धा से व्रत किया। तभी से इस व्रत का महत्व और भी बढ़ गया।

इस रात विशेष पूजन और उपाय करने का विधान है। चंद्रमा को अर्घ्य देना अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके लिए स्वच्छ जल से भरे लोटे में चावल और फूल डालकर चंद्रमा को अर्पित किया जाता है। चंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए ? श्रींश्रींचन्द्रमसेनम: मंत्र का जाप लाभकारी माना गया है। देवी लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए इस रात उनके मंत्रों का 108 बार जप करने से धन-धान्य की प्राप्ति होती है। विशेषकर ? श्रीं ह्वी क्लीं त्रिभुवन महा लक्ष्म्यै अस्माकं दारिद्र्य नाशय प्रचुर धनं देहिदे हिक्लीं ह्वींश्रीं ? या ? श्रीं ह्रीं श्रींकमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रींह्रींश्रींमहालक्ष्म्यैनम: मंत्र का जाप करना अत्यंत फलदायी माना गया है। इस रात तुलसी पूजन का भी महत्व है। तुलसी के पास शुद्ध घी का दीपक जलाकर माता को प्रणाम करना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

शरद पूर्णिमा केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि इस समय चंद्रमा की किरणें शरीर और मन पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। ये किरणें मन को शांति, ताजगी और ऊर्जा प्रदान करती हैं। इसलिए इस रात ध्यान, भजन-कीर्तन और साधना करने की परंपरा है। इस प्रकार शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और समृद्धि का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि नियमपूर्वक और निष्ठा के साथ किए गए व्रत-उपवास ही जीवन में वास्तविक फल प्रदान करते हैं। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा एक साथ प्राप्त होती है और भक्त की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि शरद पूर्णिमा हर वर्ष बड़ी आस्था और उल्लास के साथ मनाई जाती है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# लोकतंत्र की रक्षा के प्रहरी : संघ के शताब्दी वर्ष का संदेश



डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत का आधुनिक इतिहास अनेक उतार-चढ़ावों और संघर्षों से भरा हुआ है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज़ादी के बाद लोकतंत्र की रक्षा तक, कई संगठन और व्यक्तित्व देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। इनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक ऐसा संगठन है जिसने न केवल राष्ट्र निर्माण के सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र में योगदान दिया, बल्कि कठिनतम परिस्थितियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए भी अग्रणी भूमिका निभाई। विशेष रूप से 1975-77 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा थी। इस कालखंड ने संघ की संगठनात्मक क्षमता, साहस और राष्ट्रनिष्ठा को परखने का अवसर दिया।

आज जबकि संघ अपने शताब्दी वर्ष (2025-26) की ओर बढ़ रहा है, यह स्मरण करना स्वाभाविक है कि आपातकाल के समय किए गए संघर्ष ने भारतीय राजनीति और समाज को किस प्रकार नई दिशा दी।

**आपातकाल की पृष्ठभूमि :** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू करने की घोषणा की। आधिकारिक रूप से इसका कारण आंतरिक अशांति बताया गया, परंतु वास्तविक कारण राजनीतिक था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित किया था, जिससे उनके प्रधानमंत्री पद पर संकट आ गया था। सत्ता बचाने के लिए उन्होंने संविधान की मूल भावना को ही दरकिनार करते हुए आपातकाल लागू कर दिया। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताएँ समाप्त कर दी गईं। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई, विरोध करने वाले लाखों लोगों को जेलों में ठूंस दिया गया। विपक्षी दलों के नेताओं के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं को भी निशाना बनाया गया। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह एक अंधकारमय काल था।

**संघ की परीक्षा और संघर्ष**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उस समय एक विशाल संगठन था। लाखों स्वयंसेवक गाँव-गाँव, शहर-शहर सामाजिक सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने में लगे हुए थे। आपातकाल लागू होते ही सरकार ने संघ को भी प्रतिबंधित कर दिया। हजारों स्वयंसेवक जेलों में डाल दिए गए।

अनुमान है कि 1,00,000 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और लगभग 30,000 से अधिक स्वयंसेवक भूमिगत होकर गुप्त रूप से आंदोलन चलाते रहे। संघ की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उसने भयभीत हुए बिना लोकतंत्र की रक्षा का बीड़ा उठाया। जहां विपक्षी दलों के कई नेता जेलों में बंद थे, वहीं संघ के स्वयंसेवक भूमिगत होकर जनता को जागरूक कर रहे थे।

वे गुप्त पत्रक निकालते, संदेश पहुँचाते और सत्याग्रह के माध्यम से जनता में प्रतिरोध की भावना जगाते। यह संगठनात्मक अनुशासन और साहस ही था कि पूरे देश में लोकतंत्र बचाने का अभियान जीवित रहा।

**भूमिगत आंदोलन और संगठनात्मक क्षमता** आपातकाल के दौरान संघ ने अपनी मजबूत शाखा व्यवस्था और अनुशासित संगठन का उपयोग किया। हजारों कार्यकर्ताओं ने भूमिगत रहते हुए आंदोलन की मशाल जलाए रखी। दिल्ली, मुंबई, जयपुर, नागपुर, कोलकाता, चेन्नई और लखनऊ जैसे बड़े शहरों से लेकर गाँव-गाँव तक संदेश पहुँचाए जाते रहे। केंद्र सरकार ने बार-बार यह दावा किया कि विरोध समाप्त हो चुका है, लेकिन संघ की गुप्त गतिविधियों ने सरकार की नींद हराम कर दी। यही कारण था कि इंदिरा गांधी सरकार ने संघ को विशेष रूप से निशाना बनाया और इसे कुचलने के लिए पूरी ताकत लगा दी। परंतु सत्य यह है कि जितना दमन बढ़ता गया, उतनी ही ताक़त से संघ का प्रतिरोध भी बढ़ता गया।

**लोकतंत्र की बहाली और जनता पार्टी की सरकार**

आपातकाल की 21 महीनों की अवधि ने जनता को यह सिखा दिया कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र का महत्व क्या होता है। जब 1977 में चुनाव की घोषणा हुई, तो पूरे देश में इंदिरा गांधी और कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश फूट पड़ा।

संघ के स्वयंसेवकों ने विपक्षी दलों के नेताओं के साथ मिलकर चुनाव प्रचार में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। जनता पार्टी का गठन हुआ और उसे अप्रत्याशित विजय मिली। इंदिरा गांधी की करारी हार हुई। यह भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ था, जहां संघ ने न केवल लोकतंत्र की रक्षा की बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक धारा को भी मजबूत आधार प्रदान किया।

**समाज पर आपातकाल का प्रभाव** आपातकाल का एक बड़ा सकारात्मक पहलू यह रहा कि इसने जनता को जागरूक कर दिया। नागरिक स्वतंत्रताओं के महत्व का बोध हुआ और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प और मजबूत हुआ।

संघ ने इस जागरूकता को स्थायी बनाने के लिए समाज में व्यापक अभियान चलाए।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# अपनी पहचान के लिए रोज संघर्ष करती है औरत



**आरज़ू**
**लूणकरणसर, राजस्थान**

बीकानेर जिले की लूणकरणसर तहसील का नाथवाना गांव, जहां रहने वाली 27 वर्षीय रेणु की कहानी आत्मनिर्भर होने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए रोज संघर्ष करती एक औरत की कहानी है। उसके चेहरे पर सादगी की झलक है, मगर आंखों में अनगिनत अधूरे सपने तैरते रहते हैं। वह अक्सर कहती है मेरे पास धन नहीं है, पर सपनों की कमी कभी नहीं रही। वह अपने संघर्ष की कहानी साझा करते हुए बताती है कि उसका जन्म एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। घर में खाने तक के लाले थे। जब उसका जन्म हुआ, तो पिता की आंखों में खुशी नहीं, बल्कि चिंता की लकीरें गहरी हो गईं। उन्हें डर था कि बेटी का लालन-पालन कैसे करेंगे? उन दिनों गांव में बेटी को बोझ समझा जाता था। तभी उसके नाना-नानी ने उसे अपने पास रख लिया। उन्होंने अपनी क्षमता से बढ़कर उसकी देखभाल की।

रेणु छोटी उम्र से ही पढ़ाई में तेज थी। उसे किताबों में अपनी दुनिया नजर आती थी। पर गांव की सामाजिक सोच और तंग आर्थिक हालात ने उसके रास्ते में कई दीवारें खड़ी कर दीं। वह बताती है कि मैं पढ़ना चाहती थी, पर किस्मत ने जल्दी बड़ा कर दिया। महज पंद्रह वर्ष की उम्र में मेरा विवाह कर दिया गया। यह उस समय की सच्चाई थी, जब लड़कियों की पढ़ाई को जरूरी नहीं समझा जाता था। ससुराल में कदम रखते ही उसकी दुनिया बदल गई। वहाँ हर बात पर बंदिशें थीं। क्या पहनना है, कहाँ जाना है, किससे बात करनी है? हर चीज़ पर पहरा था। लेकिन रेणु का मन किसी कैद को मानने वाला नहीं था। उसे सिलाई का शौक था। वह अपने भीतर कुछ करने की आग महसूस करती थी।

दिन के उजाले में, जब घर के सभी पुरुष खेत चले जाते थे तो वह एक पुरानी सिलाई मशीन पर कपड़े सिलने का अभ्यास करती थी। टुकड़ों से कपड़े जोड़ते हुए वह जैसे अपने सपनों को सीती जाती। समय के साथ उसने इतना अच्छा सीखा कि गांव की औरतें उसके पास अपने कपड़े सिलवाने आने लगीं। ससुराल वालों को यह सब पसंद नहीं था। वे कहते घर की औरत बाहर का काम नहीं करती। लेकिन रेणु जानती थी कि उसका हुनर उसकी पहचान बन सकता है। इसी बीच उसने अपने मामा की मदद से चुपचाप मैट्रिक की परीक्षा दी। जब परिणाम आया, तो वह पास हो चुकी थी। उसे खुद पर यकीन हो चला था कि अगर हिम्मत की जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। एक दिन उसने ससुराल में बताया कि वह बीकानेर में अपनी बुआ के घर कुछ महीनों के लिए जा रही है। सच्चाई यह थी कि वह वहां एक महीने के लिए ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने गई थी। हर दिन वह नई तकनीकें सीखती, लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना सीखती और अपने भीतर आत्मविश्वास का एक नया रंग भरती। जब परीक्षा हुई, तो उसने सबसे अच्छा मेकअप करके टॉप किया। उसके प्रशिक्षकों ने कहा तुम्हारे हाथों में कमाल है, रेणु! तुम चाहो तो आगे बढ़ सकती हो। उस दिन उसने अपने भीतर एक नई उड़ान महसूस की। लेकिन गांव लौटने पर हकीकत की दीवार फिर सामने थी। ससुराल वालों को जब पता चला तो उन्होंने साफ साफ कह दिया कि ब्यूटी पार्लर खोलने से औरत की इज्जत खराब होती है। हमारे घर की बहू ये सब काम नहीं करेगी। उनके शब्दों में वही पुरानी सोच थी, जिसने अनगिनत औरतों के सपनों को दबा दिया। रेणु ने बहुत समझाने की कोशिश की। उसने कहा मैं घर की इज्जत नहीं मिटाना चाहती, बस अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती हूँ।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# जोधपुर में मारवाड़ महोत्सव आज से, संस्कृति और लोक जीवन की बिखरेगी छटा

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में छह व सात अक्टूबर को मारवाड़ महोत्सव 2025 का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों जोरों पर हैं और विभिन्न सांस्कृतिक एवं आकर्षक कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह दो दिवसीय उत्सव परंपरा, संस्कृति और लोक जीवन की झलक प्रस्तुत करेगा।

क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय जोधपुर के उपनिदेशक भानु प्रताप ने बताया कि महोत्सव में बीएसएफ के कैमल कैन्टिजेट दल द्वारा कैमल टैटू शो एवं सशस्त्र प्रदर्शन की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में ऊंटों पर रग-बिरंगी सजावट, हैरतअंगेज करतब और शौर्य का अद्भुत प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए राजकीय उम्मेद स्टेडियम में टीम ने रिहर्सल भी किया। बीएसएफ कैमल कैन्टिजेट दल के अलावा महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक झलकियों के माध्यम से मारवाड़ की समृद्ध परंपराएं और सांस्कृतिक धरोहर प्रदर्शित की जाएंगी। आयोजन का उद्देश्य पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को मारवाड़ की संस्कृति, वीरता और कला से परिचित कराना है।

### दो दिन तक होंगे कार्यक्रम



फाईल फोटो

प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार पहले दिन छह अक्टूबर को सुबह 6.15 बजे सूर्य आराधना एवं योगा प्रदर्शन से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद सुबह सात बजे हेरिटेज वॉक का आयोजन मेहरानगढ़ किले से प्रारंभ होकर जयपोल, फतेहपोल, रानीसर, पदमसर, सिंहपोल, जूनीधानमंडी, घनश्याम मंदिर, कुंज बिहारी मंदिर, कटला बाजार होते हुए क्लॉक टॉवर तक किया जाएगा। सुबह आठ बजे क्लॉक टॉवर से राजकीय श्री उम्मेद स्टेडियम तक औपचारिक जुलूस निकलेगा। उम्मेद स्टेडियम में सुबह 8 बजकर 30 मिनट से बीएसएफ कैमल-टैटू शो, बीएसएफ वेपन डिस्प्ले, पतंग प्रदर्शन और 9 से 12 बजे तक पतंगबाजी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी दौरान स्टेडियम में मूंछ, पगड़ी बांधना, मिस मारवाड़, मारवाड़ श्री, रस्साकस्सी और मटका दौड़ जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं भी होंगी। सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक राजस्थानी व्यंजन एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगेगी। प्रथम दिन का समापन रात्रि 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजकर 30 मिनट तक आयोजित सांस्कृतिक संध्या से होगा, जिसमें लोक कलाकार और अन्य कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

महोत्सव के दूसरे दिन सात अक्टूबर को दोपहर 3 से 5 बजे तक ओसियां गांव में ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं के साथ पतंग प्रदर्शन होगा। इसके बाद दोपहर 4 से 6 बजकर 30 मिनट तक ऊंट सफारी का आयोजन होगा। इसी दिन सांय 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक फूड एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा सांय 7 से रात्रि 9 बजे तक लोक व अन्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम का समापन रात्रि 9 बजे ओसियां गांव के धोरों में आतिशबाजी के साथ किया जाएगा। मारवाड़ फेस्टिवल के माध्यम से मरुस्थलीय संस्कृति, लोक कला, हस्तशिल्प एवं ग्रामीण जीवन की समृद्ध झलक देश और विदेश से आने वाले पर्यटकों को देखने को मिलेगी।

# शनि प्रदोष पर की विशेष पूजा, 108 दीपों से सजा शनि धाम

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** शहर के पांचवी रोड स्थित श्री शनि धाम (रामेश्वर महादेव मंदिर) में शनि प्रदोष के पावन अवसर पर शनिवार को पूजा-अर्चना एवं दीप महोत्सव का आयोजन किया गया। इस विशेष अनुष्ठान का आयोजन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम सारस्वत व सचिव एडवोकेट विजय शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



पूजा कार्यक्रम में पुजारी श्याम सुंदर ओझा, श्रवण वैष्णव एवं मीनू पटेल के सहयोग से मंदिर परिसर को दीपमालिका, रंगोली, स्वास्तिक, पुष्प सज्जा एवं सुंदर लाइटिंग से विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने मिलकर 108 शुभ दीपों को प्रज्ज्वलित कर शनि देव का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजय मकवाना, डॉ. रेणु मकवाना, सरकारी अधिवक्ता चंद्रप्रकाश ओझा, पूजारी चांदावत श्रीमाली, भाजपा मीडिया प्रवक्ता जगदीश धानदिया, महेश सरगरा, सीए किशन सिंह सोलंकी एवं सुरेंद्र कालवा की गरिमामयी उपस्थिति रही। ट्रस्ट के सचिव विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी भक्तों ने न्याय के देवता श्री शनि देव की पवित्र मूर्ति का मंत्रोच्चार के साथ तिल के तेल से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। पीपल वृक्ष के समीप विशेष अनुष्ठान कर कष्ट निवारण व मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की गई। पुजारी श्रवण वैष्णव ने ढोल-नगाड़ों के बीच महाआरती कर श्रद्धालुओं के हाथों में काली डोरी एवं नजरिया बांधकर शनि देव का आशीर्वाद प्रदान किया।

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स अंडर 17-19 प्रतियोगिता आठ से

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 69वीं जिला स्तरीय स्कूल एथलेटिक्स अंडर-17 व 19 छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता आठ अक्टूबर से सूरसागर स्थित सरस्वती बाल वीणा भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय की मेजबानी में शाला क्रीडा संगम केंद्र गौशाला मैदान में होगी। प्रतियोगिता संयोजक भूराराम चौधरी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 8 से 11 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए इच्छुक सरकारी या निजी स्कूल अपनी प्रविष्टि सात अक्टूबर को शाम पांच बजे तक शाला क्रीड़ा संगम केंद्र गौशाला मैदान में जमा करवा सकेंगे। प्रतियोगिता में चयनित महिला खिलाडियों का दल सीकर जिले के राउमावि हरसावा बड़ा में 29 अक्टूबर से होने वाली राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता में जोधपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# विश्व पशु दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** भाभा वेटरनरी डॉक्टर सोसाइटी द्वारा थॉमस कंगन मेमोरियल कॉलेज चौखा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पशु कल्याण, दूध की संरचना एवं उपयोगिता पर्यावरण, पौष्टिक चार (मोरिंगा अजोला) की महत्वता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यशाला का शुभारंभ कालेज की प्राचार्य अंजना व्यास एवं शोभा बोहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. विक्रम व्यास ने अपने संबोधन में बताया कि पशु केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ नहीं बल्कि मानव स्वास्थ्य के भी रक्षक हैं। डॉ. व्यास ने बताया कि भारत विश्व में दूध के उत्पादन में सबसे अग्रणी देश है एवं बकरी का दूध उत्पादन भी विश्व में सबसे अधिक भारत में होता है। गाय का दूध स्वास्थ्यवर्धक और पचाने में आसान होता है जबकि बकरी का दूध औषधि गुणों से युक्त माना गया है जो चिकनगुनिया एवं डेंगू जैसी बीमारियों में बहुत उपयोगी है। इस अवसर पर डॉ. नटवरलाल पुरोहित ने कार्यशाला में पशु बीमा योजनाओं की जानकारी दी जिसमें पशुपालक अपने पशुओं को रोग ,दुर्घटना से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रख सकें। कार्यशाला में डॉ. श्याम लालहर्ष द्वारा अजोला एवं मोरिंगा को हरित चारा का सर्वोत्तम विकल्प बताते हुए इसे घर आधारित उत्पादन प्रणाली के रूप में अपनाने की सलाह दी।

प्राचार्य अंजना व्यास ने बताया कि पशु केवल अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि हमारे पर्यावरणीय संतुलन और पोषण सुरक्षा का भी आधार है। कार्यशाला का संचालन कीर्ति कल्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. उषा व्यास एवं गीतांजलि अत्री ने भी सहयोग दिया।

# रीस्टोर रहेंगी मार्ग परिवर्तित व रेगुलेट रेलसेवाएं

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** रेलवे द्वारा जोधपुर मण्डल पर डेगाना-फुलेरा रेलखण्ड पर गच्छीपुरा-डेगाना स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या 60 पर आयूबी निर्माण कार्य हेतु लिया जाने वाला ब्लॉक अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जा रहा है। जिसके कारण पूर्व में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रभावित होने वाली रेल सेवाएं रीस्टोर रहेगी।

अब छह अक्टूबर को अपने-अपने निर्धारित स्टेशनों से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल रेलसेवा, गाड़ी संख्या 19720 सूरतगढ़-जयपुर रेलसेवा, गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर रेलसेवा और गाड़ी संख्या 22978 जोधपुर-जयपुर रेलसेवा अपने निर्धारित मार्ग व संचालन समय सारणी के अनुसार संचालित होगी।

# त्याग व तपस्या के साथ मनाई गुणवंत मुनि की जयंती

## बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चौरड़िया भवन में रविवार को अप्रमत साधक उपाध्याय गुणवंत मुनि की 69वीं जयंती त्याग तपस्या के साथ मनाई गई। सुमति मुनि ने उनके जीवन का वृत्तांत सुनाया तो श्रावक श्राविकाओं ने गुणगान किया तथा त्याग तपस्या की अनुमोदना की। आज ही जयमल पाठशाला के बच्चों ने संतो के सानिध्य में संस्कार शिविर में सुधर्म की शिक्षा अंगीकार की। शिविरार्थी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

मुनि ने सुबह के प्रवचन में कहा कि मनुष्य को चाहिए कि पाप तथा प्रमाद से दूर रहें। हम किसी को भूल जाते है तो याद कर लेते हैं, यह सामान्य बात है लेकिन हम भगवान को याद करते है यह दुःख की बात है। क्योंकि हम भगवान को भूल गए। यदि भगवान को नहीं भूलते तो याद करने की आवश्यकता नहीं रहती है। मुनि ने कहा किसंसार का काम हमारा नहीं है। अपमान एवं सम्मान को पचा पाना दुश्कर है। गुरु हमको हमारे भावों में हुई गलतियों से बाहर निकालने का कार्य करते है।

# भैरू बाग तीर्थ में हुआ सिद्धचक्र महापूजन



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भैरू बाग तीर्थ में साध्वी अर्चितगुणाश्री एवं साध्वी रत्नागुणाश्री के सानिध्य में सिद्धचक्र महापूजन का संगीतमय वातावरण में आयोजन हुआ। तीर्थ के प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट मंत्रोच्चार के साथ परमात्मा एवं उनके अधिष्ठायक देवी देवताओं, दशों दिशाओं, गुरु पादुकाओं, 24 तीर्थंकरों के यक्ष एवं यक्षिणियों, सिद्धचक्र के अधिष्ठायक विमलेश्वर देव एवं चक्रेश्वरी देवी सहित स्वर एवं व्यंजना का भी पूजन किया गया। महापूजन के दौरान रंग बिरंगे अनाजों से सिद्धचक्र की आकर्षक रचना की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सिद्धचक्र मंत्र का समवेत स्वर में उच्चारण करते हुए सिद्धचक्र यंत्र पर अष्ट प्रकारी पूजन सामग्री समर्पित की। इस अवसर पर साध्वी अर्चितगुणाश्री ने कहा कि उपरोक्त महापूजन जिनशासन का सार है। नवपद ओली आराधना के तहत सिद्धचक्र महापूजन करने से कर्मों के नाश सहित आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है। साथ ही आदि व्याधि एवं उपाधि भी शांत होती है और समृद्धि प्राप्त होती है। महापूजन दौरान विनय महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# घायल राधेश्याम तीन साल बाद भी जिंदगी की जंग में बेबस

## परिवार कर्ज में डूबा, अब तक नहीं मिली कोई सरकारी मदद

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** माता का थान क्षेत्र में पुलिस वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुआ 13 वर्षीय राधेश्याम आज भी इलाज के लिए संघर्ष कर रहा है। घटना को तीन साल आठ महीने बीत जाने के बावजूद न तो राधेश्याम पूरी तरह स्वस्थ हो पाया है और न ही परिवार को सरकार या प्रशासन से कोई आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकी है। राधेश्याम के पिता ऑटो चालक घेवरराम अपने बेटे के इलाज के लिए जोधपुर से लेकर अहमदाबाद तक अस्पतालों के चक्कर काटते रहे और अब तक करीब 18 लाख रुपये का कर्ज ले चुके हैं फिर भी राधेश्याम की हालत चिंताजनक बनी हुई है।



केंद्रीय सिटी बस ऑनर्स एसोसिएशन के हरिसिंह आर्य और गुजरावास टेम्पो यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि घटना 19 जनवरी 2022 की है, जब माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार से आ रही पुलिस की गाड़ी ने सडक़ पर चल रहे मासूम राधेश्याम को कुचल दिया था। इस हादसे में उसके फेफड़े, किडनी, सिर और हाथों में गंभीर चोटें आई थीं। घायल राधेश्याम के परिवार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, विधायक अतुल भंसाली, जेडीए के पूर्व चेयरमैन महेंद्र राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधियों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई, लेकिन कहीं से कोई सहायता नहीं मिली।

इसके अलावा परिजनों ने पुलिस आयुक्त और थाने के अधिकारियों तक को ज्ञापन देकर मदद मांगी, लेकन अब तक किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई, जिससे परिवार में गहरी निराशा है। परिवार का कहना है कि पुलिस वाहन से हुए इस हादसे की जिम्मेदारी तय करते हुए राधेश्याम के इलाज और परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकारी स्तर पर सहायता मिलनी चाहिए। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी सरकार से मांग की है कि घायल बालक के इलाज और परिवार के पुनर्वास के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाए जाएं।

# द्वितीय दिव्य ब्रह्म सामूहिक विवाह समारोह 14 दिसंबर को



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** दिव्य ब्राह्मण समाज सामूहिक विवाह आयोजन समिति के संयोजक हेमेंद्र गौड़ ने बताया कि आज दिव्य ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक देव दर्शन गेस्ट हाउस मे सम्पन्न हुई ।

बैठक में वरिष्ठ समाज सेवी नथमल पालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सामूहिक विवाह 14 दिसंबर 2025 को जोधपुर मे आयोजित होगा, जिसमे पूरे राजस्थान से विवाह के लिए जोड़ो का पंजीयन प्रारम्भ हो चुका है। टीकम गौड़ ने बताया कि सामूहिक विवाह को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। अभी तक 07 जोड़ों का पंजीयन संपन्न हो चुका हैं। सामूहिक विवाह समिति के सहसंयोजक देवेन्द्र पुरोहित व छगन पालीवाल ने बताया कि ब्राह्मण समाज के प्रत्येक घटक की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में, कैलाश गौड़, नवनारायण शर्मा झूमर लाल गौतम, टीकम गौड़, छगन पालीवाल, मुरलीधर गौड़, कैलाश आचार्य, बबलू गौड़ राहुल पालीवाल, विमलेश घोष, जितेंद्र पारीक, बुलबुल गौड़, अनिता गौड़, कुमकुम गौड़, अनिता शर्मा, महेंद्र दाधीच उपस्थित रहे।

# उत्तर रेलवे ने पुरुष और महिला वर्ग के दोनों खिताब अपने नाम किए

## 48 वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कबड्डी प्रतियोगिता-2025 का रंगारंग समापन

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** उत्तर रेलवे ने यहां रेलवे स्टेडियम पर आयोजित 48 वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कबड्डी प्रतियोगिता-2025 के महिला और पुरुष वर्ग की टीमों के दोनों खिताब अपने नाम करने में सफलता हासिल की है।



जहां पुरुष वर्ग की उत्तर रेलवे कबड्डी टीम ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में आरपीएसएफ को 37-20 अंकों से परास्त कर दिया वहीं मेजबान उत्तर पश्चिम रेलवे की महिला टीम को उत्तर रेलवे की महिला टीम ने खिताबी भिड़ंत में 38-28 अंकों के अंतर से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही रेलवे स्टेडियम पर आयोजित तीन दिवसीय 48 वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कबड्डी प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) नीतीश शर्मा ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर विजेता टीमों और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

समापन समारोह के अंत में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) नीतीश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी,खिलाड़ी व कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक एलबी यादव ने किया । प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जो हुए पुरस्कृत

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ज्यूरी द्वारा महिला वर्ग में उत्तर रेलवे की सुश्री शिवानी को बेस्ट रेडर, उत्तर पश्चिम रेलवे की श्रीमती पिंकी को बेस्ट डिफेंडर व उत्तर रेलवे की सुश्री रीतू को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में मध्य रेलवे के महावीर को बेस्ट रेडर,उत्तर रेलवे के अनिल को बेस्ट डिफेंडर व आरपीएसएफ के विजय को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहने पर पुरस्कृत किया गया।

# दंपत्ति को बातों में उलझा कर सोने की कंठी लूटी

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती मथानिया के बालरवा गांव में लूट हो गई। पारिवारिक समारोह में जा रहे दंपती को बातों में उलझाकर महिला के गले में पहनी सोने की कंठी चुराकर ले जाने का मामला सामने आया है। वारदात कार में सवार होकर आए तीन बदमाशों ने की। इनमें से दो बदमाश साधु के वेश में थे। मथानिया पुलिस इस बारे में जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सूरसागर के इंद्रोका निवासी भीखाराम पुत्र पुखराज ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में बालरवा जा रहा था। वह मोटरसाइकिल पर था। तभी बीच रास्ते में बदमाशों ने कार मोटरसाइकिल के आगे लगाई। इसके बाद उसमें से कार चालक सहित तीन बदमाश उतरे। दो बदमाश साधु के वेश में थे। उन्होंने बातों में उलझाया। बाद में उनमें से एक बदमाश ने महिला के गले में पहनी सोने की कंठी को लूट का भाग निकले। पुलिस घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।



# एईएन यादव का रेलकर्मियों ने किया स्वागत

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर रेल मंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर पीवे लूनी ओमप्रकाश प्रसाद यादव के सहायक अभियंता के पद पर पदौन्नत होने पर एसएससी कार्यालय में आयोजित समारोह में रेलकर्मियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक मंडल अभियंता लाइन शैलेंद्र शर्मा, लूनी एसएससी पीवे इंचार्ज अशोक कुमार हिंगोनिया, एसएससी सेक्शनल शशि कुमार, जेई सोहर्द सिंह, एसएससी आफिस लूनी के क्लर्क काना राम पटेल, सुधीर कुमार ने एईएन ओमप्रकाश प्रसाद याद यादव का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया। क्लर्क काना राम पटेल ने एईएन यादव के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा लूनी -मारवाड़ जंक्शन रेलखंड में एईएन यादव के कुशल नेतृत्व में पीक्यूआरएस का काम समय पर पूरा किया। सुधीर कुमार ने कहा एईएन यादव ने रेल प्रशासन और कर्मचारियों के बीच सेतु का काम किया। इस अवसर पर गौरव चौधरी,अरविंद कुमार, समीर कुमार,परागाराम, राजपाल सिंह ढेबाण,पवन कुमार, विजय कुमार, आसुराम, विजय कुमार, अर्जुन राम,दुर्गा राम पटेल, गजानद कुमावत सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मियों ने एईएन यादव का स्वागत किया।



# सौ करोड़ की एमडी ड्रग की फैक्ट्री लगाने का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## एटीएस और एएनटीएफ की संयुक्त कार्रवाई, तीन राज्यों में काट चुका है जेल, 25 हजार रुपए का है इनामी

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** सौ करोड़ की एमडी ड्रग की फैक्ट्री लगाने का मास्टरमाइंड कमलेश उर्फ कार्तिक को एटीएस ने पकड़ लिया है। तस्कर इससे पहले तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की जेल में सजा काट चुका है। पहले यह तस्कर हथियारों का बिजनेस करता था इसके बाद एमडी की लत के चलते इसी को बनाने का धंधा शुरू कर दिया। आरोपी ने कॉर्पोरेट स्टाइल में गैंग तैयार की थी। किसी को मार्केटिंग हेड तो किसी को ऑपरेशन चीफ बनाया था। पुलिस को इनपुट था कि यह बकाया हिसाब करने पार्टी से मिलने वाला है। जैसे ही यह अपने रुपए लेने आया इसे गिरफ्तार कर लिया गया।



एटीएस आईजी विकास कुमार ने बताया कि एमडी तस्करी के मास्टरमाइंड कमलेश उर्फ कार्तिक को रविवार सुबह जैसलमेर के सांगड़ में एटीएस और एएनटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा है। आरोपी मध्यप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में क्राइम करता रहा है। यह 25 हजार रुपए का इनामी है। राजस्थान के जोधपुर और बाड़मेर जिले के सेड़वा में एमडी फैक्ट्री पकड़ी गई थी। इसका यही सूत्रधार है। विकास कुमार ने बताया कि गैंग में सभी की अलग-अलग भूमिका तय थी। रमेश फाइनेंस और कोऑर्डिनेटर था। मांगीलाल फैक्ट्री हैड था। बिरजू टेक्निक और रिसर्च हेड था। शिव ऑपरेशन चीफ, राजू रॉ मटेरियल और प्लांट हेड, गणपत सिक्योरिटी संभालता था। वहीं मास्टरमाइंड कार्तिक सेल्स और मार्केटिंग हेड था। इन्होंने कॉर्पोरेट स्टाइल में टीम बनाकर सबसे जोधपुर के कुड़ी इलाके में एमडी की फैक्ट्री लगाई वह चालू होने के पहले पकड़ी गई। फिर दूसरा प्रयास बाड़मेर के सेड़वा इलाके में मांगीलाल के ठिकाने पर फैक्ट्री लगाई वह भी शुरू होने से पहले पकड़ी गई।

**सभी आरोपियों पर है इनाम :** आईजी विकास कुमार ने बताया- कार्तिक ने सभी गैंग सदस्यों को मिलाने का काम कार्तिक ने ही किया। पुणे जेल में कार्तिक बिरजु शुक्ला से मिला। वहीं एमडी का धंधा राजस्थान में करते हुए रमेश और मांगीलाल को भी साथ ले लिया। मांगीलाल और बिरजु पहले गिरफ्तार हो चुके है जबकि रमेश की गिरफ्तारी पर 1 लाख रुपए का इनाम है और राजू की गिरफ्तारी पर 40 हजार रुपए का इनाम है। कार्तिक ने ही महाराष्ट्र ले जाकर सभी गैंग सदस्यों को साथ बैठाकर बड़ी प्लानिंग बनाई। राजू मांडा, रमेश और मांगीलाल साला-बहनोई है। वहीं कमलेश और सुरेश सगे भाई हैं।

**बीस करोड़ की एमडी सप्लाई होनी थी :** फैक्ट्री के लिए मशीन महाराष्ट्र और गुजरात से लाए जा रहे थे वहीं आवश्यक केमिकल महाराष्ट्र के महाद इलाके से लाया जा रहा था। प्लानिंग के अनुसार बाड़मेर की स्थापित फैक्ट्री में प्रत्येक तीसरे-चौथे दिन दस किलो एमडी तैयार कर राजस्थान के और फिर समीपवर्ती इलाकों में सप्लाई की जानी थी। हर माह में करीब 20 करोड़ की एमडी तैयार कर पूरे राजस्थान में एमडी सप्लाई करने की प्लानिंग थी। पूछताछ में सामने आया कि बाड़मेर और जैसलमेर के इलाके में एमडी का कारोबार करने वाला एक दूसरी गैंग भी थी जिससे कार्तिक की बिल्कुल नहीं बनती थी।

**लत लगी तो एमडी का बिजनेस शुरू किया :** पुलिस के अनुसार, कार्तिक पुत्र सदराम बाड़मेर के धोरीमन्ना इलाके का रहने वाला है। इसके खिलाफ करीब आधा दर्जन मामले तीन अलग-अलग राज्यों में चल रहे हैं। पुलिस पूछताछ में बताया कि कमलेश ने पहले अवैध हथियारों का धंधा शुरू किया। इस दौरान एमडी की लत लग जाने और एमडी के धंधे में ज्यादा लाभ देखकर यही शुरू कर दिया। देखते ही देखते सीमावर्ती इलाके में एमडी के धंधे का सरगना बन गया। कमलेश का सगा भाई सुरेश भी इस धंधे में करीबी साझेदार बन गया। शुरुआत में आरोपी कमलेश उर्फ कार्तिक मध्यप्रदेश के खरगौन इलाके से अवैध हथियार लेकर राजस्थान में सप्लाई करता था। इस दौरान मध्यप्रदेश में भी पकड़ा गया था। महाराष्ट्र के पुणे इलाके में मादक पदार्थ के साथ पकड़ा जा चुका है। पुर्ण की ही जेल में उसका संपर्क एमडी के धंधे के अन्य सूत्रधारों से हुआ था। फिर कॉर्पोरेट स्टाइल एमडी का कारोबार राजस्थान में चलाने की योजना बनाई थी। बरसों से कमलेश जैसलमेर और बाड़मेर इलाके में एमडी सप्लाई कर रहा था। इस काम में उसका भाई सुरेश भी उसके साथ रहता था। दोनों ने मिलकर जैसलमेर में एक होटल सूर्या भी खोल रखा था। जहां से उसका धंधा संचालित होता था।

# चामुण्डा माता मन्दिर का दो दिवसीय पाटोत्सव शुरू

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रताप नगर स्थित हनुमान-शनिधाम में विराजित चामुण्डा माता मन्दिर का दो दिवसीय पाटोत्सव आज ध्वजा रोहण एवं गणपति पूजन के साथ शुरू हुआ। सुबह से ही डाबी गौत्र के लोग मन्दिर पर पहुंचने शुरू हो गए। भक्तों ने माता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की तथा गादीपति गोपाल महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद दामोदर भारद्वाज के सानिध्य में कुलदेवी का अभिषेक, दोपहर सवा बारह बजे से दो बजे तक चौकी की पूजा की गई रात्रि को भक्ति संगीत का आयोजन रखा गया। मन्दिर के गादीपति गोपाल महाराज ने बताया कि डाबी गौत्र की कुल देवी के इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के डाबी परिवार के लोग पहुंचे हैं।उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर, सोमवार को सुबह 7.30 बजे चामुंडा माता का महाश्रंगार व पूजा होगी। 10.30 हवन तथा दोपहर में 11.00 बजे 108 कन्याओं का पूजन किया जाएगा। उसके दोपहर में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है।



# वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जोधपुर का दबदबा

## पांच पदकों के साथ लहराया परचम



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** हनुमानगढ़ जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कमाना में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में महात्मा गांधी (अंग्रेजी माध्यम) राजकीय विद्यालय पुलिस लाइन रातानाडा के खिलाडि़यों ने शानदार प्रदर्शन कर पांच पदक अपने नाम किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मालवीय ने बताया कि प्रतियोगिता में कीर्ति वैष्णव, दिव्यांशी और दीक्षा ने रजत पदक प्राप्त किए, जबकि अश्विनी और सोहम पांडे ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इससे पूर्व जोधपुर में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाडि़यों ने 21 पदक (12 स्वर्ण, 5 रजत, 4 कांस्य) अर्जित किए थे। विद्यालय ने 17 वर्षीय बालक और बालिका वर्ग में वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, वहीं 14 वर्षीय बालिका वर्ग की स्केटिंग प्रतियोगिता में भी विद्यालय चैंपियन रहा। विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक दिनेश टाक के कुशल मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त हुई है।

# स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस मनाया, ट्रेनों में की सफाई

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर रेल मंडल पर मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के क्रम में रविवार को स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों की गहन सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत रेलगाडि़यों के कोचों की अंदरूनी एवं बाहरी हिस्सों की सफाई की गई। फर्श, सीटें, खिड़कियां, दरवाज़े, शौचालय, वॉश बेसिन एवं पैंट्री क्षेत्र की धुलाई के साथ कीटाणुनाशक दवाओं से स्वच्छता सुनिश्चित की गई। ट्रेनों के भीतर और स्टेशनों पर यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया तथा उद्घोषणाओं के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाई गई। इस अवसर पर जोधपुर मंडल के जोधपुर, बाड़मेर एवं मेड़ता रोड स्टेशनों पर विशेष सफाई दलों द्वारा रेलगाडि़यों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों ने समर्पण भाव से ट्रेनों के शौचालयों, कोचों एवं अन्य क्षेत्रों की सफाई कर यात्रियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता भारतीय रेल की प्राथमिकता है, और इस पखवाड़े के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि स्वच्छ रेलगाड़ी ही स्वच्छ भारत का प्रतीक है। यात्रियों से भी अनुरोध किया गया कि वे रेल यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।



# नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का आव्हान

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** आईपीएस अधिकारी अमित लोढा ने आम नागरिकों को आव्हान किया है कि वे नैतिक मूल्यों को बनाए रखें ।वे अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी द्वारा आयोजित अणुव्रत लेखक सम्मेलन को प्रेक्षा विश्व भारती, कोबा, अहमदाबाद में आयोजित सम्मेलन में उपस्थित साहित्यकारों को सम्बोधित कर रहे थे।



इस अवसर पर अणुव्रत लेखक पुरस्कार 2025 से सम्मानित साहित्यकार रघुवीर चौधरी ने कहा कि अहिंसा है तो प्रेम है। अत: व्यक्ति को अहिंसा के क्षेत्र में छोटे-छोटे प्रयास करते रहना चाहिए। मुनि महाराज ने इस अवसर पर कहा कि व्यक्ति अगर ठान लें तो वह हिंसा की प्रवृत्ति से ऊपर उठ सकता है । उन्होंने कहा कि हम अहिंसा के जरिए ही आदर्श चरित्र का निर्माण कर सकते हैं। साहित्यकार सुनील कुमार माथुर ने बताया कि इससे पहले अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निवृतमान अध्यक्ष अविनाश नाहर ने कहा कि अणुव्रत आंदोलन पहले एक सम्प्रदाय विशेष के आचार्य से शुरू हुआ लेकिन आज इस आन्दोलन से हर समुदाय का व्यक्ति जुडा हुआ है । उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े साहित्यकार समाज की सेवा निर्भीक होकर कर सकते है। अणुव्रत समिति अहमदाबाद की अध्यक्ष डिम्पल श्रीमाल ने कहा कि साहित्यकार, साधु संत अपने ज्ञान रूपी आलोक से समाज व राष्ट्र को आलोकित कर सकते हैं व जन जन को एकता के सूत्र में बांध सकते हैं। माथुर ने बताया कि सत्र के आरंभ में सभी आगंतुक साहित्यकारों का तिलक लगाकर स्वागत किया व परिचय सत्र आयोजित किया गया। अंत में मनोज सिंघवी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा राजस्थान : पटेल

## संसदीय कार्य मंत्री ने बोरानाडा में डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय का किया लोकार्पण

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को बोरानाडा में जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 45 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित कार्यालय सहायक अभियंता सालावास के भवन का विधिवत लोकार्पण किया।



संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में पश्चिमी राजस्थान सोलर हब बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के महज डेढ साल के कार्यकाल में विद्युत उत्पादन क्षमता में लगभग पांच हजार मेगावाट की वृद्धि हुई है। पटेल ने कहा कि लूणी में निर्बाध एवं समुचित विद्युत आपूर्ति के लिए पाल व फींच में 132 केवी और भांडू कला में 33 केवी जीएसएस की स्थापना की जा रही है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश मेहता, उपखंड अधिकारी लूणी हसमुख कुमार, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र प्रसाद मेघवाल, गिरधारी लाल, छोटू सिंह राठौड़, भंवर पटेल, श्रवण पटेल, रावतराम बिंजारिया, राकेश बिश्नोई सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुष्प वर्षा से किया संतों का स्वागत, गाए बधावणा गीत

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** नागौरी गेट स्थित राममोहल्ला रामद्वारा में रविवार को रामस्नेही सम्प्रदाय के पीठाचार्यों का आगमन हुआ। राममोहल्ला, मायला व सूरत रामद्वारा के महंत हनुमानदास रामस्नेही महाराज ने बताया कि दोपहर में रामधाम सिंथल पीठाचार्य आचार्य क्षमाराम महाराज एवं खेड़ापा पीठाचार्य पुरुषोत्तमदास महाराज के पावन आगमन पर क्षेत्रवासियों ने हर्षोल्लास से स्वागत किया। महिलाओं ने मंगल कलश यात्रा निकाली और पुष्प वर्षा व बधावणा गीतों के माध्यम से पीठाचार्यों का तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया। दोपहर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आचार्य क्षमाराम महाराज एवं पुरुषोत्तमदास महाराज ने अपने प्रवचनों में भक्ति, सेवा और सच्चे जीवन मार्ग का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

# तस्करी के मामले में आरोपी को एक साल की सजा

## दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस, जोधपुर के न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने शनिवार को बारह वर्ष पुराने अफीम तस्करी के एक मामले में निर्णय सुनाते हुए आरोपी को एक वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।



राज्य सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक गोविन्द जोशी ने अभियोजन का पक्ष रखते हुए न्यायालय को बताया कि यह मामला वर्ष 2013 का है। गत 24 अक्टूबर 2013 को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के तत्कालीन थानाधिकारी अमित सिहाग ने नाकाबंदी के दौरान थाने के सामने एक बोलेरो कैम्पर वाहन को रोका। वाहन में सवार आरोपी भुरटिया, थाना नागाणा, जिला बाड़मेर निवासी भवानीसिंह पुत्र भारूराम से 105 ग्राम अफीम बरामद की गई थी, जिसके पश्चात उसे गिरफ्तार कर आवश्यक अनुसंधान के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया।

विशिष्ट लोक अभियोजक जोशी ने तर्क दिया कि वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के प्रकरणों में तेजी से वृद्धि हो रही है तथा ये समाज के लिए अत्यंत गंभीर और घातक प्रवृत्ति के अपराध हैं।

उन्होंने अदालत से आरोपी को कठोरतम सजा दिए जाने की मांग की, वहीं आरोपी की ओर से नरमी बरतने का आग्रह किया गया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत 10 गवाहों की गवाही, 36 दस्तावेजी साक्ष्य एवं तीन आर्टिकल्स के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया और उसे एनडीपीएस अधिनियम के तहत दोष सिद्ध करते हुए एक वर्ष के कठोर कारावास एवं दस हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# तीन दिन में युवक के खाते से 13.18 लाख रुपए निकाले

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में एक युवक के मोबाइल नंबर हैक कर तीन दिन में 17 ट्रांजेक्शन कर ठगों ने खाते से 13 लाख 18 हजार 205 रुपए उड़ा लिए। जब युवक के पास उसके खाते से 40 हजार 800 रुपए कटने का मैसेज आया। तब उसे ठगी का पता चला। युवक ने महामंदिर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि डिगाड़ी कलां के श्रीयादे नगर हाल एक निजी कंपनी में काम करने वाले सुरेश प्रजापत ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके मोबाइल नंबर को 29 सितंबर को किसी ने हैक कर लिया। दो अक्टूबर को पहली बार उसके पास 40 हजार 800 रुपए बैंक से कटने का मैसेज आया। तब उसने गांधी जयंती के चलते बैंक की छुट्टी होने के कारण ऑनलाइन खाता बंद करवा दिया। ऑनलाइन खाता बंद करवाने पर बैंक ने बताया कि आपके खाते से 6 लाख 65 हजार रुपए कट गए हैं। तब तीन अक्टूबर को स्टेटमेंट निकाला। युवक ने जब खाते की डिटेल देखी, तब पता चला कि खाते से 13 लाख 18 हजार 205 रुपए अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन ठगी कर निकाल लिए है। ठगों ने 29 सितंबर को 8 ट्रांजेक्शन कर 6.63 लाख 920 रुपए निकाले। तीस सितंबर को 5 ट्रांजेक्शन कर 4.35 लाख 785 रुपए और दो अक्टूबर को 4 ट्रांजेक्शन कर 2.20 लाख 500 रुपए निकाल लिए। मामले की जांच हैड कांस्टेबल शोभाराम को सौंपी है।

**शेयर मार्केट में निवेश का दिया झांसा :** वहीं इसी थाने में नागराज पुत्र हनुमान गिरी गोस्वामी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया गया कि सितंबर 2024 में आरोपी हीराराम, नरपत राम चौहान, महेंद्र चौहान, जितेंद्र चौहान उर्फ जीतू ने उसके साथ धोखाधड़ी की। उन्होंने पीड़ित नागराज को शेयर मार्केट में रुपए इन्वेस्ट कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया और उसके साथ धोखाधड़ी कर ली गई। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पत्रकार को धमकी देने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पत्रकार पाबूराम सरगरा को जान से मारने की धमकी दिए जाने के प्रकरण में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। बासनी पुलिस ने बताया कि सांगरिया में गणेश नगर निवासी पाबूराम सरगरा को जान से मारने की धमकियां देने के मामले में थाने में एफआइआर दर्ज कराई थी। एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज होने पर जांच एसीपी (पश्चिम) को सौंपी गई थी। उधर, भगत की कोठी थाना पुलिस ने गुरुवार रात लूनी में राजेन्द्रसिंह भाटी को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया। उसे शुक्रवार शाम कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां पाबंद कर जमानत मुचलके पर छोडऩे के आदेश दिए गए। चूंकि राजेन्द्र के खिलाफ बासनी थाने में मामला दर्ज है। इसलिए उसे बासनी थाना पुलिस को सौंपा जाना था, पर जमानत मिलते ही आरोपी बिना बताए वहां से चंपत हो गया। इसका पता लगने पर पुलिस हरकत में आई। राजेन्द्रसिंह की तलाश शुरू की गई और शनिवार को उसे पकड़ा। आज कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया।



# युवा शैक्षणिक उत्थान के साथ नशे की प्रवृत्ति से दूर रहें : सोमेश्वर गिरी

## वीर शिरोमणि राव जयमल की 518 वीं जयन्ती का समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** वीर शिरोमणि राव जयमल मेड़तिया संस्थान जोधपुर द्वारा रविवार को राव जयमल मेड़तिया 518 वी जयन्ती समारोह का आयोजन होटल घूमर में किया गया।



वीर जयमल मेड़तिया संस्थान के प्रदीपसिंह आकेली ने बताया कि समाज की चालीस प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में महामंडलेश्वर सोमेश्वर गिरी महाराज का संत सानिध्य मिला ।उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्वजो से सीख लेते हुए सदैव धर्म की रक्षा करते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाते हुए युवाओं के शैक्षिक उत्थान के साथ नशामुक्ति व सोशल मीडिया के नशे से दूर रहने की ओर प्रेरित किया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. रामसिंह चण्डालिया ने कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों का अभिनंदन किया जिसमें मुख्य अतिथि कर्नल केशरीसिंह मेड़तिया, अध्यक्षता प्रो. डॉ. महेंद्र राठौड़, मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा आदि की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। सचिव शम्भूसिंह मेड़तिया ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में अपनी फाइनेंस कंपनी अमरमणि फाइनेंस से बिना ब्याज के ऋण देने की घोषणा की। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता कर्नल मेड़तिया ने बताया कि वीर जयमल ने मेवाड़ में अकबर के विरुद्ध विभिन्न क्षेत्रों में सामना करते हुए चितौड़ की रक्षा की। इस अवसर पर राव दूदा जी, राव वीरमदेव जी,राव जयमल जी,मीरा जी व फूल कंवर जी के चरित्र सम्बंधित व्याख्यान, इतिहास वाचन, दोहा वाचन, भजन,चरित्र वर्णन, कविता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा इसके साथ ही संस्थान द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें सत्र 2024-25 में बोर्ड परीक्षाओं (कक्षा 10 व 12) में 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांको वाले,विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले तथा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में मेडल प्राप्त करने वाले समाज की चालीस युवा प्रतिभाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राव जयमल मेड़तिया के वीर व शौर्य से आने वाली पीढ़ी परिचित होकर उनका अनुकरण करते हुए सफलता के शिखर को छूते हुए समाज व राष्ट्र का नाम ऊंचाइयों तक ले जा सके। इस दौरान प्रभुसिंह बोरुंदा, कैलाश सिंह धानीपुरा, यतीश मेड़तिया, गुलाबसिंह, नरेन्द्रसिंह, विजयसिंह, मानसिंह मानवेन्द्र सिंह सहित समाज के सैकड़ों महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## जोधपुर आर्ट्स वीक का पांचवां दिन

# अनदेखी सूक्ष्म दुनियाओं को नए दृष्टिकोण से देखा



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** पब्लिक आर्ट्स ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तुत जोधपुर आर्ट्स वीक के पांचवें दिन का आयोजन शिल्प, पारिस्थितिकी, कल्पना और सामूहिक कला-निर्माण का उत्सव बनकर नीले शहर में जीवंत हुआ। सुबह की शुरुआत छोटे जीव, बड़ी कल्पनाएं (काल्पनिक कीट) कार्यशाला से हुई, जिसका संचालन अंकिता परिहार, छवि गोलिया और शुभम गहलोत ने किया। इसमें प्रतिभागियों को प्रेरित किया गया कि वे अपने स्वयं के कीट प्रजाति का आविष्कार करें। उनके आवास, ध्वनियों और क्षमताओं सहित, जिसमें लोककथाओं, स्थानीय प्रजातियों और उनकी अपनी कल्पना से प्रेरणा ली गई। यह अभ्यास पारिस्थितिक कल्पना का माध्यम बना, जिसने हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत बनाने वाली अक्सर अनदेखी सूक्ष्म-दुनियाओं को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर दिया। इसके बाद प्रसिद्ध बुनकर चेनाराम मुंडेल के साथ एक विशेष दरी निर्माण कार्यशाला आयोजित हुई। उन्होंने राजस्थान की प्राचीन बुनाई परंपरा से प्रतिभागियों को परिचित कराया। करघा तैयार करने से लेकर पारंपरिक डिज़ाइन, रंगों और बुनाई तकनीकों को समझने तक, प्रतिभागियों ने न केवल शिल्प को व्यावहारिक रूप से सीखा बल्कि मारवाड़ क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और बुनकर समुदायों की कलात्मकता को भी आत्मसात किया।

**कई समानांतर गतिविधियां हुई** : शाम को कई समानांतर गतिविधियां हुईं। मंडोर में, एक्सप्लोरिंग स्कल्प्चर कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कलाकार गैस्पार्ड कॉम्ब्स की कलाकृतियों से प्रेरणा लेकर पेपियर-मैशे से पत्थर जैसी प्रतीत होने वाली मूर्तियां बनाईं। इन मूर्तियों को बाद में खुले मैदान में ले जाया गया, जिससे यह प्रक्रिया सामूहिक प्रदर्शन में बदल गई। इसी दौरान, ब्लूप्रिंट्स फोटो वॉक, जिसका संचालन अभ्युदय सिंह पंवार और अंकित बिश्नोई ने किया, ने प्रतिभागियों को जोधपुर की नीली गलियों को नए और व्यक्तिगत दृष्टिकोण से दर्ज करने का अवसर दिया। यह प्रयास पूरे उत्सव के दौरान शहर की आत्मा को दर्शाने वाले सामूहिक दृश्य अभिलेख का हिस्सा बनेगा।

**क्यूरेटर वॉक थ्रू का आयोजन** : दिन का समापन वॉल्ड सिटी इंस्टॉलेशन्स के क्यूरेटर वॉकथ्रू से हुआ, जहां पब्लिक आर्ट्स ट्रस्ट ऑफ इंडिया की क्यूरेटोरियल टीम ने दर्शकों को पुरानी नगरी में फैली प्रदर्शनी और कला हस्तक्षेपों से परिचित कराया। इस वॉक ने दर्शकों को कला परियोजनाओं की परिकल्पना, सामुदायिक संवाद और क्यूरेटोरियल दृष्टिकोण की गहन झलक दी, जिसने यह स्पष्ट किया कि यह उत्सव शिल्प, सहयोग और विचारशीलता की परतों को किस प्रकार जोड़ता है।

## जांबा व सुरपुरा में मिले कदम से कदम

**हुक्मनामा समाचार**

**बाप।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में हर मंडल केंद्र पर पथ संचलन के कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। खंड कार्यवाह रोहिताश विश्नोई ने बताया कि बाप खंड के 9 मंडल केंद्र है उन सभी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रविवार को जांबा ढाणी व सुरपुरा में पथ संचलन हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे संचलन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। पहली बार इतनी संख्या में संघ की गणवेश बिक्री हो रही है। कानासर में संचलन 8 अक्टूबर को होगा। जाम्बा ढाणी में विभाग सेवा प्रमुख दिलीपसिंह तथा सुरपुरा में विभाग प्रचारक मंगलाराम ने बौधिक दिया।

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना भोपालगढ़ तहसील कि कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**पीपाड़ शहर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना कि भोपालगढ़ तहसील कि नवीन कार्यकारिणी गठन व चिंतन बैठक में ews बनाने को ज्यादा से ज्यादा आह्वान किया केंद्र सरकार से 14 पर्सेंट आर्थिक आधार पर आरक्षण व जमीन प्लाट कि बाध्यता हटाने व पंचायती राज चुनाव में ews लागु करने की मांग भी रखी , नशा मुक्त समाज व मृत्यु भोज बंद हो जेसी कुरितियो को बंद करने का आह्वान करणी सेना के युवाओं ने किया। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष शक्तिसिंह औस्तरा ने बताया कि इस चिंतन बैठक में भोपालगढ़ तहसील अध्यक्ष हनुमानसिंह बुरच्छा, ठाकुर भिखसिंह पूर्व सरपंच करणसिंह, मानसिंह, गोपाल सिंह, देवीसिंह खांगटा,अपुल सिंह तांबडीया, जगमाल सिंह लवारी, नरेंद्रसिंह नाडसर, नरेंद्र सिंह रूदिया, राजेंद्रसिंह तोडियाणा, अशोक सिंह तोडियाणा, महावीरसिंह गादेरी, भींवसिंह गादेरी, मनोहरसिंह रतकुडिया सहित अन्य गांवों के करणी सैनिक मौजूद रहे।

# मरू भारती सेवा संघ मुंबई का 29वां दीपावली महोत्सव 2 नवम्बर को

## समाजसेवा, सम्मान और स्नेहमिलन का होगा संगम



**हुक्मनामा समाचार**

**फलौदी।** मुंबई में पश्चिमोत्तर राजस्थान के लोगों की अग्रणी संस्था मरू भारती सेवा संघ, मुंबई द्वारा आयोजित 29वां वार्षिक दीपावली महोत्सव एवं अभिनंदन समारोह आगामी 2 नवम्बर 2025 (रविवार) को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन स्वामीनारायण हॉल, दत्त मंदिर रोड, मालाड (पूर्व) में शाम 4:30 बजे से प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2 बजे से होने वाले शक्ति भक्ति पाठ से होगा। इस अवसर पर समाजबंधुओं का स्नेहमिलन, दीपावली की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान तथा सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलेगा। समारोह में समाज के गणमान्य महानुभावों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा, वहीं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद एवं रोगग्रस्त समाजजनों की सहायता हेतु एक विशेष कोष की स्थापना का संकल्प भी लिया जाएगा, जिससे समाजसेवा के कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

इस आयोजन से पूर्व 12 अक्टूबर 2025 को भयंदर सहित विभिन्न स्थानों पर पोस्टर विमोचन समारोह भी रखा गया है। आयोजकों ने सभी स्वजनों से सपरिवार उपस्थित होकर इस सांस्कृतिक एवं सामाजिक पर्व को सफल बनाने की अपील की है। मरु भारती सेवा संघ मुम्बई की बैठक में कमलकिशोर एच. व्यास (अध्यक्ष एवं ट्रस्टी),रामकिशन चांडा (ट्रस्टी), श्याम सी. व्यास (उपाध्यक्ष), राकेश सी. व्यास,कपिल महेश बीसा (समिति सदस्य), सुनील पुरोहित (सो्नु गुचिया), प्रवीण घनश्याम थानवी,अनिल आत्माराम बोहरा (नंदूजी), (समिति सदस्य) एवं सुरेश बोहरा आदि उपस्थित रहे।

# अघोषित बिजली कटौती की हदें पार कर रहा है सीमा क्षेत्र में डिस्कॉम

## अधिकारी अवकाश का बहाना कर अपने घर चले जाते हैं, भुगत रही है जानता



**हुक्मनामा समाचार**

**गडरा रोड।** राजस्थान के पश्चिमी बाड़मेर जिले कै सीमावर्ती उप खंड गडरा रोड स्थित कस्बे के लोग तो इस विद्युत विभाग की अघोषित बिजली कटौती से परेशान हो गए हैं कई बार ग्रामीणों ने जोधपुर डिस्कॉम के सेक्रेटरी एवं प्रबंधक निर्देशक को अवगत भी करवा दिया लेकिन गडरा रोड डिस्कॉम ने हद से ज्यादा लापरवाही का अघोषित विद्युत कटौती पर कटौती की जा रही है जबकि विद्युत सप्लाई काटने से पूर्व उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है राजस्थान विद्युत अधियम 2003 के तहत अघोषित विद्युत कटौती पर प्रत्येक घंटे के लिए ?50 जुर्माना किया जाता है तथा विभागीय अधिकारी अपने कर्मचारियों अधिकारियों को बचाने के लिए आए दिन गडरा रोड स्थित आधा आधा दिन तक विद्युत कटौती रहती है बिना किसी सूचना के तथा इतना ही नहीं विद्युत उपकरण की क्षमता से ज्यादा कनेक्शन जोड़ दिए गए हैं जो कि वह कारण लोड तक नहीं ले रहा है कई ऐसी लाइन है फलत पड़ी है जहां पर तीन-तीन दिन से विद्युत सप्लाई तक नहीं हो रही है फिर भी डिसकॉम के अधिकारी शुक्रवार को दोपहर से मुख्यालय छोड़ चुके हैं कोई अधिकारी गडरा रोड में उपस्थित नहीं है जिनको लोग जाकर शिकायत करें सिर्फ एक कर्मचारी के भरोसे पूरे 274 गांव की लाइन छोड़ दिया गया है आज रविवार को दोपहर 2:14 पर बिजली कटौती की गई है जो 4 बजे के बाद वापिस सप्लाई चालु की गई है ऐसे मॉर्निंग में भी एक दो बार गडरा रोड कस्बा में ही विद्युत कटौती की गई है ऐसे में कई गांवों में पुरानी विद्युत लाइन फाल्ट पड़ी हुई पड़ी है परंतु इस गडरा रोड स्थित डिस्कॉम के अधिकारियो को परवाह तक नहीं है ऐसे में जानता तो इस विद्युत विभाग की अघोषित विद्युत कटौती की शिकायत कर बेशर्मी महसूस कर रही है परंतु गडरा रोड डिस्कॉम के अधिकारी उससे भी शर्म की हद पार गए हैं ना इनके कहने पर कर्मचारी काम करते हैं ना अधिकारियो की आंख खुली रही है पिछले कई दिनों से गडरा रोडकी जानता अघोषित विद्युत कटौती से परेशान हो रही उधर आधिकारी अपने परिवार के साथ ऐसी और कूलर का आनंद लें रहे हैं वही गडरा रोड में बारिश के बूंद गिरने पर गडरा रोड विद्युत् सप्लाई ट्रिपिंग या बंद होना जरूरी हो गया है लेकिन आधिकारी इन्वेटर ओर अन्य उपकरण लगा कर सो जाते है इधर जानता उकने सोने तक जागती रहती है यह कहावत चरितार्थ करती है इधर लोक सेवक बनकर जानता की सेवा करते हैं आधिकारी परन्तु यहां उल्टा हो रहा है जानता इनकी सेवा में समर्पित हो कर कर रही है। इसे कहते अंधेर नगरी चौपट राजा टके सेर भाजी टके सेर खाजा की कहावत चरितार्थ करती है इस क्षेत्र के लिए।

## बीस हजार के फरार इनामी को पकड़ा, अब तक 28 आरोपी गिरफ्तार

**हुक्मनामा समाचार**

**फलोदी।** शहर में 007 गैंग के सदस्यों पर हमला कर मारपीट करने वाले 0029 गैंग के एक बदमाश को चार साल बाद पुलिस ने पकड़ लिया। फलोदी और देचू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाश को जोधपुर से अपने गांव मुंजासर जाने के दौरान रास्ते में फलोदी से गिरफ्तार किया है। वह पुलिस से बचने के लिए आरोपी अलग-अलग जगहों पर फरारी काट रहा था। फरार आरोपी पर पुलिस ने 20 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। मामला 14 नवंबर 2021 का है। प्रार्थी कंवरलाल ने देचू थाने में मामला दर्ज करवाया था। इसमें उसने बताया था कि 14 नवंबर 2021 को एसयूवी गाड़ी में दोस्त के साथ एक शादी में पहुंचे थे। इसी दौरान अलग-अलग गाड़ी में विशनाराम जांगू और उसकी 0029 गैंग के अन्य आरोपी आए। उन्होंने जान से मारने की नीयत से घेरकर गाड़ी के दोनों तरफ टक्कर मारी थी। मामले में अब तक 28 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। वहीं गिरफ्तार आरोपी मुंजासर थाना लोहावट निवासी प्रदीप कुमार है। आरोपी प्रदीप ने साथियों के साथ विरोधी 007 गैंग के सदस्यों पर हमला कर मारपीट की थी। जिला विशेष टीम फलोदी को सूचना मिली थी कि आरोपी प्रदीप जोधपुर से अपने घर मुंजासर जाएगा। वहीं आरोपी को पुलिस टीम की भनक लग गई थी। इस पर वह अपने घर नहीं जाकर सीधा फलोदी की तरफ चला गया। इस पर टीम ने पीछा कर आरोपी को दस्तयाब किया। पुलिस ने इस गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस टीमें मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थीं।

# वेद भवन फलोदी में अमृतवाणी सत्संग में गूंजी भक्ति की स्वर लहरियां

## सामूहिक अमृतवाणी पाठ और भव्य आरती में भक्तों ने लिया रामनाम का आनंद



**हुक्मनामा समाचार**

**फलोदी।** अमृतवाणी सत्संग मण्डल (वेद भवन) फलोदी परिवार की साप्ताहिक नियमित सत्संग का आयोजन रविवार सुबह वेद भवन परिसर में श्रद्धा और भक्ति के माहौल में सम्पन्न हुआ। सत्संग की शुरुआत गणेश वंदना रामलाल मास्टर और गुरु वंदना किशन प्यारी कल्ला के मधुर भजनों से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। सत्संग में रामेश्वर शर्मा, भेरूलाल मास्टर, संतोष जोशी, मीनाक्षी परिहार, रीतिका शर्मा और अशोक जोशी सहित अन्य भक्तों ने भक्ति रस से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए। अमृतवाणी पाठ का नेतृत्व चंपालाल गुचीया ने किया, जिसमें अशोक जोशी, राजू पुरोहित 'चस्मेवाले', मुकेश पी. थानवी सहित सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सहभागिता की और रामनाम का आनंद लिया। प्रार्थना राजू पुरोहित, रीतिका शर्मा एवं सभी भक्तों ने मिलकर की। ध्यान उपरांत प्रसाद का भोग रामजी को लगाया गया। आरती की व्यवस्थाओं में किशन बिस्सा, जगदीश व्यास और मोहनलाल राठौड़ ने उत्कृष्ट सहयोग दिया। भव्य आरती और शांति पाठ के बाद प्रसाद वितरण सेठऊ भाई पंचारिया और प्रेम जोशी द्वारा किया गया। चंपालाल गुचीया ने कहा कि पुण्य कमाना है तो अधिकाधिक भक्तों को सत्संग से जोड़ना चाहिए, यही सर्वोच्च पुण्य है। बापू नगर से रीतिका शर्मा और संतोष मेवाड़ का भक्तों को जोड़ने में सराहनीय योगदान रहा।

## एक शाम शहीद भंवरसिंह के नाम, भोर तक गूंजे भजन




**हुक्मनामा समाचार**

**बाप।** कस्बे में राजकीय सामुदायिक अस्पताल चौराहे स्थित शहीद भंवरसिंह स्मारक परिसर में रविवार रात एक शाम शहीद भंवरसिंह के नाम भव्य रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके साथ ही माहौल भक्ति रस से सराबोर हो गया। जागरण भोर तक चलता रहा, जिसमें भक्ति भरे भजनों की सुरमयी धारा बहती रही। जागरण से पहले शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन कर उनके अमर बलिदान को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

भजन गायक चनण गहलोत, भैराराम कोलू और बजरंग मराज ने अपनी सुमधुर आवाज़ से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन गायक कलाकारो ने एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति देकर रातभर श्रद्धालुओं को भक्ति में डूबोए रखा। परिसर में जयकारों की गूंज और भक्तिरस का माहौल बना रहा। भोर की पहली किरण तक चला यह जागरण श्रद्धा, संगीत और समर्पण का अद्भुत संगम बन गया।

लोगों ने संकल्प लिया कि शहीदों के आदर्शों को सदैव जीवित रखा जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी जगदीश पालीवाल, पूर्व उपप्रधान जगदीश पालीवाल, वरिष्ठ शिक्षक मांगीलाल कुमावत, अधिवक्ता संस्थान बाप अध्यक्ष मदन गोपाल शर्मा, पालीवाल समाज बाप अध्यक्ष प्रेम पालीवाल, पार्षद ओमप्रकाश खत्री व सवाई कुमावत, जसराज जोशी, राजेंद्र तंवर, ओम राठी, विजय कुमावत, मनोज लोहिया माहेश्वरी, गजेलाल, नारायणलाल, अर्जुनलाल, सुरताराम, आईदान, नथमल, गोपाल, पन्नालाल, अशोक, गणेश, टीकमचंद, गोपाल सोनी, भोपाजी नथमल, देवीचंद, तगाराम, जगदीश, किशनलाल, भोमाराम, आईदान आदि मौजूद रहे।

# अशोकाज् जिम के पावर लिफ्टरों का परचम लहराया, 3 स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

**हुक्मनामा समाचार**

**फलोदी।** जोधपुर के सूरसागर स्थित बसेटा समाज भवन में राजस्थान पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पहली राज्य स्तरीय क्लासिक बेंच प्रेस चैंपियनशिप में स्थानीय अशोकाज् जिम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। जिम की प्रतिभाशाली खिलाड़ी जूही छंगाणी ने जूनियर वर्ग के 84 किलोग्राम भार वर्ग में सर्वाधिक 65 किलोग्राम बेंच प्रेस लगाकर स्वर्ण पदक जीता। जूही ने यही नहीं, सीनियर वर्ग में भी सर्वाधिक वजन उठाकर दूसरा स्वर्ण पदक जीता, जो उनकी उत्कृष्ट क्षमता और मेहनत का प्रमाण है। वहीं, हरि थानवी ने मास्टर वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 70 वर्ष की आयु में भी थानवी का यह प्रदर्शन सबके लिए प्रेरणादायक रहा। जहाँ अधिकांश लोग इस उम्र में लाठी का सहारा लेते हैं, वहीं थानवी रोजाना जिम में पसीना बहाकर युवाओं के लिए मिसाल बने हुए हैं। जिम कोच अशोक व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों — फलोदी, पोकरण, जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, जयपुर, अजमेर, पाली, बीकानेर आदि से लगभग 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ी आगामी वर्ष हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। फलोदी पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का जिम संरक्षक नरोत्तम व्यास और जिम सदस्यों ने माँ लटियाल के जयकारों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया।

# श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल में आसोज शुक्ल पक्ष त्रयोदशी पर्व पर दिखा आस्था का संगम



**हुक्मनामा समाचार**

**बालोतरा।** श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल में आसोज शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रात:कालीन मंगला आरती के साथ ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और मंदिर प्रांगण भक्ति भाव से सराबोर हो उठा। भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से श्री राणीसा भटियाणीसा, श्री बायोसा, श्री सवाईसिंह जी, श्री लाल बन्ना सा, श्री खेतलाजी एवं श्री काला-गौरा भैरूजी के दर्शन कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। साथ ही नवविवाहित जोड़ों ने भी परंपरा अनुसार छेड़ाबंदी बांधकर दर्शन लाभ लिया और अपने दांपत्य जीवन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस शुभ अवसर पर भोजन प्रसादी (अन्नपूर्णा प्रसादम) का लाभ आकाश बोथरा, सुपुत्र स्वर्गीय मांगीलाल बोथरा (निवासी ङ्क सुजानगढ़, राजस्थान; हाल ङ्क गुलाबबाग, जिला पूर्णिया, बिहार) द्वारा लिया गया। उन्होंने मंदिर परिसर के समस्त मंदिरों में भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरण किया तथा धर्मभाव और सद्भाव का संदेश दिया। इसी प्रकार, छप्पन भोग प्रसादी का लाभ राजपालसिंह चारण, सुपुत्र सुरेन्द्रसिंह चारण (निवासी ङ्क नोहर की ढाणी, तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ़) द्वारा लिया गया। उन्होंने 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग समस्त मंदिरों में अर्पित किया।

दोनों लाभार्थी परिवारों ने जसोल नगर पालिका सर्व समाज की 101 कन्याओं का पूजन कर उन्हें फल, अन्न प्रसाद एवं दक्षिणा अर्पित की। त्रयोदशी की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में रात्रि जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय भजन गायकों ने भक्ति रस से ओत-प्रोत प्रस्तुति देकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। त्रयोदशी की संध्या पर संध्याकालीन आरती का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसमें देश-विदेश से माँ जसोल के असंख्य भक्तों ने घर बैठे दर्शन लाभ लिए और अपने जीवन में खुशहाली को लेकर मंगल कामना की। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। त्रयोदशी का यह पावन पर्व धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, साथ ही समाज में सद्भाव, सेवा और एकता का संदेश भी प्रदान करता रहा।







अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वां अधिवेशन

# राष्ट्रभक्ति और चारित्रिक मूल्यों से युवा बन रहे संस्कारवान-मुख्यमंत्री

## अन्त्योदय का मूल मंत्र हो रहा साकार, वंचितो तक सुनिश्चित हो रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षक ज्ञान के वाहक हैं, जो राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। उनकी शिक्षा ही समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शिक्षक भारत को ज्ञान में विश्वगुरु, संस्कृति में समृद्ध, मूल्यों में अग्रणी और चरित्र में श्रेष्ठ बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। शर्मा रविवार को जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के 9वें अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1988 में स्थापित हुआ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ऐसा मंच है जहां 'राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक, शिक्षक के हित में समाज' का त्रिसूत्रीय वाक्य साकार होता है।

**भाषायी विद्यालयों की होगी स्थापना, युवाओं को विदेश में मिलेगा रोजगार**–उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से भाषायी विद्यालय प्रारम्भ करने जा रही है। इसके अन्तर्गत प्रदेश में ही विभिन्न विदेशी भाषाओं की परीक्षाएं आयोजित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 10 लाख 51 हजार साइकिलों का वितरण किया गया है। साथ ही, 88 हजार 724 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट मय इंटरनेट कनेक्शन नि:शुल्क वितरित किए हैं। इससे युवा सक्षम बनेंगे।

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि महासंघ से जुड़े शिक्षक राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। वे समाज को अंधकार से उजियारे की ओर ले जा रहे है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा विभाग शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार और उन्नयन के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहा है। पॉलिटेक्निक कॉलेजों को आधुनिकतम बनाया जा रहा है। स्कूली शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। राजस्थान पहले शिक्षा के क्षेत्र में 11वें स्थान पर था, जो राज्य सरकार के प्रयासों से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हम सरकारी विद्यालयों में निजी विद्यालयों की तुलना में अधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य भी कर रहे है।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि महासंघ शिक्षक हितों के साथ साथ शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्पूर्ण भूमिका रहा है। यह देश को दिशा दिखाने का काम कर रहा है जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिवेशन की स्मारिका 'शिक्षक-राष्ट्र के लिए', कैलेण्डर तथा 'शैक्षिक मंथन विकसित भारत-2047' पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रचारक आरएसएस निम्बाराम, अखिल भारतीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील भाई मेहता, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर, राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री लक्ष्मण, राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. गीता भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार बहरवाल, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) रमेश चंद पुष्करणा, पूर्व क्षेत्र कार्यवाह हनुमान सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न महाविद्यालयों के कुलगुरू एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।




### महासंघ ने राष्ट्रीयता और भारतीय दर्शन की भावना पर किया प्रभावी कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि महासंघ ने समाज में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अलख जगाने का काम किया है। राष्ट्रीयता और भारतीय दर्शन की भावना से ओतप्रोत होकर इस संगठन से जुड़े शिक्षक प्री-प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि महासंघ राष्ट्रभक्ति और चारित्रिक मूल्यों का संचार करते हुए संस्कारवान युवाओं का निर्माण कर रहा हैं।

### किसानों और खेतिहर श्रमिकों सहित वंचित वर्ग के बच्चों को किया शुल्क माफ

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लघु, सीमांत, बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों के बच्चों के लिए सत्र 2024-25 से राजकीय महाविद्यालयों में राजकीय निधि कोष में लिये जाने वाला शुल्क पूर्णत: माफ किया है। यह निर्णय समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, हमने वंचित वर्ग के बच्चों के लिए शुल्क माफी, छात्रवृत्तियां और विशेष प्रावधान भी किए हैं।

### परीक्षा प्रणाली में स्थापित की पारदर्शिता

**शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। हमारी सरकार ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता स्थापित की, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के समय में केवल पेपरलीक ही हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पांच वर्ष में 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। जिसमें से लगभग 91 हजार युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।**

## राजस्थान की गौरवशाली स्वास्थ्य योजनाएं बदनाम करने पर आमादा सरकार- गहलोत

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को जयपुर में मीडिया से कहा की राजस्थान वह राज्य रहा है जिसका उदाहरण न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में दिया जाता रहा है। वर्ष 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने निशुल्क दवा योजना शुरू कर एक ऐतिहासिक पहल की थी।

इस योजना को देश के कई राज्यों और विदेशों ने भी अपने यहां लागू किया, जिससे राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाएं आदर्श के रूप में देखी जाती थीं। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान भाजपा सरकार के शासनकाल में वही आदर्श योजना अब विवादों और बदनामी की शिकार हो रही है। हाल के दिनों में खांसी की दवा से हुई मौतों ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, भाजपा सरकार इन मौतों की जवाबदेही तय करने के बजाय मामले को स्वीकार ही नहीं कर रही है। यह रवैया न केवल गैरजिम्मेदाराना है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भ्रष्टाचार और लापरवाही का स्तर इतना बढ़ चुका है कि अब इंसान की जान की भी परवाह नहीं रही।

## करोड़ों का कारोबार छोड़कर संत बने तीन बिजनेसमैन

**उदयपुर।** देश के 3 बिजनेसमैन अपना करोड़ों रुपए का कारोबार छोड़कर दीक्षा ले रहे हैं। इस उपलक्ष्य में उदयपुर के विद्या निकेतन स्कूल प्रांगण में आचार्य कल्प पुण्य सागर के सान्निध्य में रविवार को तीन मुमुक्षुओं की जैनेश्वरी मुनि दीक्षा का कार्यक्रम शुरू हुआ। सकल दिगंबर जैन समाज उदयपुर की वर्षा योग समिति के तत्वावधान में यह आयोजन हो रहा है। इस मौके पर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। दीक्षार्थी बग्घियों में सवार थे। रिश्तेदार-परिजन सहित अन्य लोग बैंड-बाजों की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे। युवक-युवती जैन समाज की पताका लहरा रहे थे। वहीं, महिलाएं मंगल गीत गाते चल रही थीं। शोभायात्रा के दीक्षा स्थल पहुंचने के बाद दीक्षा कुंभ स्थापना और दीक्षा प्रार्थना हुई।

## विधायक बोलीं- मेरा प्रोटोकॉल चीफ-सेक्रेटरी से ऊपर, लेकिन मुझसे अपराधी जैसा सलूक किया

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भवन के लोकार्पण समारोह में हंगामा हो गया। मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी और प्रशासनिक अधिकारी आमने- सामने हो गए। धक्का-मुक्की हुई। नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन मुर्दाबाद और भाजपा सरकार हाय-हाय के नारे लगाए। विधायक ने एएसपी हेमंत सिंह से कहा- कल तक ऐसा क्या हो गया कि आपको इतनी बड़ी पुलिस फोर्स लगानी पड़ी? यह सरकारी बिल्डिंग है, कोई अपराध स्थल नहीं। आपने छावनी बना दी है। विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस ने टेंट उखाड़ दिए, कुर्सियां हटवा दीं, और उन्हें भवन के अंदर जाने से रोक दिया। मुझे धक्का-मुक्की कर बाहर निकाला गया। विधायक का प्रोटोकॉल चीफ सेक्रेटरी से ऊपर होता है, लेकिन मेरे साथ ऐसा व्यवहार किया गया, जैसे मैं कोई अपराधी हूं। दरअसल, चुड़ैला गांव में विधायक रीटा चौधरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भवन का लोकार्पण करने पहुंचीं थी।

## अलवर में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, पत्थर फेंके

**अलवर।** अलवर में खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। एक-दूसरे पर पत्थर भी फेंके। यहां तक कि एक पक्ष का युवक बंदूक लेकर भी घूमता रहा। मारपीट में दोनों पक्षों के 12 लोग घायल हो गए, जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। हॉस्पिटल में भी दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। घटना बगड़ तिराहा थाना क्षेत्र के बेरेबास गांव की रविवार सुबह करीब 9ः15 बजे की है। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ बगड़ तिराहा थाने में शिकायत दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना का वीडियो भी सामने आया है। बेरेबास गांव में आज सुबह करीब सवा नौ बजे रहमदीन के परिवार के लोग अपने खेत में हल जोत रहे थे। इस दौरान दूसरे पक्ष जाकरदीन के परिवार के लोग आ गए। दोनों के खेते सटे हुए हैं। दोनों के खेत की मिट्टी की मेड़ साझे की है। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों से मारपीट के साथ पत्थरबाजी हो गई। घायलों को जिला हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

वहां भी दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। जाकरदीन ने बताया कि सुबह हमारे खेत में मिट्टी की डोल पर रहमदीन के परिवार के लोग हल चला रहे थे। हमने उन्हें रोका तो उन लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

## 22 अक्टूबर से शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला

### कल्चरल प्रोग्राम में वीआईपी पास नहीं, वन-वे यातायात, वाहन पास पर होगा क्यूआर कोड

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला 22 अक्टूबर से शुरू होकर 7 नवंबर तक चलेगा। इस मेले में देश-विदेश से पर्यटक और श्रद्धालु आएंगे। प्रशासन ने मेले की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वीआईपी पास नहीं मिलेंगे, जो पहले आएगा उसे पहले सीट मिलेगी। कार्तिक एकादशी से पूर्णिमा (1 से 6 नवंबर) तक अजमेर-पुष्कर मार्ग पर वन-वे यातायात रहेगा। सुरक्षा के लिए लगभग 3000 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। सरकारी वाहनों और मेला ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के निजी वाहनों के लिए अलग-अलग पास जारी होंगे। इस बार पास पर क्यूआर कोड भी होगा, जिससे कोई भी इसका गलत इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। पुष्कर सरोवर में पानी का स्तर ऊंचा होने के कारण सुरक्षा के लिए सिविल डिफेंस और गोताखोरों को तैनात किया जाएगा, ताकि कोई दुर्घटना न हो। मेला मैदान को 11 भागों में बांटा गया है और पशुपालक मुफ्त में जमीन लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मेले में आने का न्योता भेजा गया है।

**पुष्कर मेले की शुरुआत ध्वजारोहण से होगी** शनिवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर, एसपी और कई विभागों के अधिकारियों ने मेले की तैयारियों पर बात की। पुष्कर मेला 22 अक्टूबर से 7 नवंबर तक चलेगा। लेकिन इसकी औपचारिक शुरुआत 30 अक्टूबर को ध्वजारोहण के साथ होगी। नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा ने बताया कि मेले के सभी काम के लिए टेंडर हो चुके हैं। दिवाली से पहले सारे काम पूरे हो जाएंगे। अभी परिक्रमा मार्ग और पुराने मेला मैदान में सीवरेज लाइनों की सफाई चल रही है। सफाई पर खास ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए ज्यादा कर्मचारी लगाए जाएंगे।

**नया मैदान, ऑनलाइन प्लॉटिंग और पुरस्कार** 22 अक्टूबर को पुष्कर पशु मेले का अस्थाई कार्यालय खुल जाएगा, और 24 अक्टूबर से पशु चौकियां लगेंगी। इस बार मेला लगभग 540 बीघा के नए मैदान में लगेगा, जहां पशु प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए विभाग ने 1 लाख 18 हजार रुपए दिए हैं। भूमि आवंटन में पिछली शिकायतों को देखते हुए, नए मैदान को 11 सेक्टरों में बांटा गया है। पशुपालक अब ऑनलाइन पोर्टल से मुफ्त में भूमि आवंटन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें पशुओं का स्वास्थ्य प्रमाणपत्र देना होगा। पशुओं को आसानी से उतारने के लिए 2 नए रैंप भी बनाए गए हैं।

**पुष्कर मेले में अब वीआईपी पास नहीं मिलेंगे, स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मौका** पुष्कर मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अब वीआईपी पास नहीं होंगे। जो पहले आएगा, उसे पहले सीट मिलेगी। इस बार स्थानीय कलाकारों को खास मौका दिया जाएगा और एक बड़ा कवि सम्मेलन भी होगा। कार्तिक द्वादशी और त्रयोदशी पर मुख्य कार्यक्रम होंगे। देवस्थान विभाग आध्यात्मिक यात्रा और महाआरती का आयोजन करेगा। नगर निगम मोबाइल टॉयलेट, सुपर सकर मशीन और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करेगा। अजमेर विकास प्राधिकरण नौसर घाटी में रोशनी करेगा और झाड़ियों को काटेगा। रसद विभाग एलपीजी और खाने के पैकेट के काउंटर लगाएगा। अजमेर डेयरी चारा डिपो और 2 अस्थाई पार्लर खोलेगी।

## सरकार की लापरवाही से बच्चों की मौत हुई-खाचरियावास

### कफ सिरप मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** रविवार को पूर्वकैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कफ सिरप पीने सेहुई बच्चों की कथित मौत मामले में सरकार को जमकर घेरा। सरकार और स्वास्थ्य तंत्र पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए खाचरियावास ने कहा किसरकार की लापरवाही औरस्वास्थ तंत्र की नाकामी के कारण मासूमों की जान जारही है। राज्य में घटिया दवाओं और कफ सिरपकी बिक्री पर कोई नियंत्रण नहीं है। सरकार और प्रशासन इस पर आंख मूंदे बैठे हैं। खायरियावास ने चेतावनी देते हुए सरकार पर कई सवाल खड़े किए। कहा कि अगर सरकार ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई, जिम्मेदार अधिकारियों और कंपनियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस इसका राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता को जवाब चाहिए कि आखिर बाजार में जहरीला सिरप कैसे पहुंचा और जांच अब तक क्यों नहीं हुई है। रविवार को सरकारी दवा पीने से बच्चों की मौत केमामले में कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में बड़ी संख्यामें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जयपुर में विरोध रैली निकाली और दवा घोटाले के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी भी दी। खाचरियावास ने सरकार से मांग की है कि सभी दवाओं और सिरप की लैब जांच अनिवार्य की जाए। इसके साथ ही जो भी इस मामले में दोषी है, उन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। कांग्रेस के विधायक अमीन कागजी नेकहा कि राजस्थान कीभाजपा सरकार 2 साल से पूर्व सरकार की योजनाओं को बंद करने का कामकर रही है।

## उड़ता तीर

### मेहनत पर फिरा पानी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को बांसवाड़ा में एक दिन की यात्रा पर आए थे उनकी यात्रा की तैयारी में सरकार ने पूरी ताकत लगा दी थी किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ी गई पूरे प्रदेश से अधिकारियों को लगाया गया नेताओं को लगाया गया और कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई। पर ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था प्रधानमंत्री जब भाषण दे रहे थे तब उनका टेलीप्रोमटर बंद हो गया लगभग 2 मिनट तक वह बंद रहा और 2 मिनट तक प्रधानमंत्री चुपचाप खड़े रहे। यह बात अलग है कि मीडिया में भी यह बात दबा दी गई और जिनके पास उसे घटना के वीडियो थे वह डिलीट कर दिए गए लेकिन प्रधानमंत्री तो इस गड़बड़ी को नहीं भूल पाए हैं।

### किसका दंड किसको।

बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के भाषण के समय टेलीप्रॉम्पटर के बंद होने का मामला छोटा नहीं था जयपुर से लेकर दिल्ली तक पूरी सरकारी मशीनरी हिल गई। इस प्रकरण को लेकर राज्य सरकार ने डी ओ आई टी की शासन सचिव आईएएस अधिकारी अर्चना सिंह को एपीओ कर अपने को बचाने की कोशिश की है।

प्रधानमंत्री के भाषण के समय टेलीप्रॉम्पटर बंद होने की यह पहली घटना नहीं है पर समय 2 मिनट का होने के कारण पूरी रैली की भद्द उड़ गई। कहां जा रहा है कि लाइन तो रिलायंस की थी अब अंबानी के खिलाफ कार्रवाई की तो किसी की हिम्मत है नहीं।

### वसुंधरा पुराण।

मुख्यमंत्री भजनलाल के लिए बांसवाड़ा रैली अच्छी नहीं रही क्योंकि इस रैली में मंच पर जिस तरह नरेंद्र मोदी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को हाथ जोड़ते और विनती करते नजर आ रहे थे और वसुंधरा राजे जिस तरह बिगड़ी हुई दिख रही थी उसके बाद पूरे राजस्थान क्या हिंदुस्तान में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

भले ही वसुंधरा मोदी के खिलाफ ना हो लेकिन सोशल मीडिया तो बता रहा है कि मोदी को वसुंधरा राजे ने आरएसएस की ओर से चुनौती दे दी है।

### संगठन पर कब्जे की कोशिश।

राजस्थान में कांग्रेस में जिला अध्यक्ष का विवाद पिछले डेढ़ वर्ष से लंबित पड़ा है धक्का मार के प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्य कर रही थी अब जिला अध्यक्षों के लिए दिल्ली से पर्यवेक्षक भेजे गए हैं। यहां पर कई जिलों में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के समर्थकों में टकराव की स्थिति है जो पर्यवेक्षकों के सामने नजर भी आ रही है। दरअसल दोनों ही नेता इस प्रयास में है कि जिला अध्यक्ष पर अपने-अपने लोगों को ताबीज कराया जाए ताकि टिकट वितरण में इसका लाभ मिल सके।

### आस्था बदलते लोग।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को पावरफुल होता देखकर कई भाजपा के नेता जो पिछले कुछ साल से उनसे अलग हो गए थे अब फिर उनकी शरण में चले गए हैं कुछ नेताओं को वही अपने पास नहीं आने दे रही है और कुछ नेता किसी न किसी के मार्फत अपनी आस्था का पैगाम उन तक भिजवा चुके हैं। इतना तो माना जा रहा है कि वसुंधरा राजे राजनीति में पावरफुल होगी लेकिन कब और कहां होगी यह समय बताएगा।

### हिसाब बराबर।

पिछले दिनों राज्य सरकार ने बिजली की दरों में कटौती करके खूब शाबाशी लूट ली अखबारों में यही छपा की दिवाली पर तोहफा, लेकिन उनकी सरकार के लोग पोल खोल रहे हैं कि सबको उल्लू बना दिया गया है कुछ श्रेणी में तो कटौती की गई है जबकि कुछ में बढ़ोतरी कर दी गई है रहा हिसाब तो बता दे कि बिजली कंपनियां को तो इसका फायदा ही हो रहा है और उनके खजाने में पैसा भी बढ़ेगा निश्चित तौर पर यह जनता की जेब से ही जाएगा।

### बड़ा खेल।

कफ सिरप से छोटे बच्चों की मौत का मामला भले ही लीपा पोती के बाद समाप्त करने की कोशिश की जा रही हो लेकिन बताया जा रहा है कि इसके पीछे बड़ा खेल था बेचारा ड्रग कंट्रोलर तो शिकार हो गया है। बड़ा खेल नहीं होता तो अपनी ही सरकार के खिलाफ पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ नहीं जाते। आम जनता भी समझ नहीं पा रही है कि 40 बार नमूना फेल होने के बाद कैसे दवा पास हो गई और बच्चों में बाटी जाने लग गई।

.......प्रदीप लोढ़ा

CMYK